

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 154

ग्वालियर, सोमवार, 21 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.


# उत्तरप्रदेश में तीसरे चरण का मतदान समाप्त, पांच बजे तक 57.58% पड़े वोट

लखनऊ, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में 18वीं विधानसभा के गठन के लिए तीसरे चरण का मतदान रविवार को सात बजे से प्रारंभ हो गया है। माक पोलिंग से केन्द्रों पर पोलिंग पार्टियों ने ईवीएम को परखा इसके बाद सभी जगह पर मतदाताओं को प्रवेश दिया गया। मतदान में पहले घंटे में कई जगह पर ईवीएम में हल्की खराबी के बीच में लोगों ने गुलाबी ढंग का मजा लेते हुए मतदान किया।



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में शाम ढलने के समय तक मतदाता बूथ पर डटे थे। शाम पांच बजे तक 16 जिलों की 59 विधानसभा क्षेत्र में 57.58 प्रतिशत मतदान हो गया था। विधानसभा चुनाव 2017 में इस दौरान 62 प्रतिशत मतदान हुआ था।

तीन बजे तक 59 विधानसभा क्षेत्रों में 48.81 फीसदी मतदान, ललितपुर में सर्वाधिक मतदान= उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में तीन बजे तक 48.81 प्रतिशत मतदान हो गया था। 16 जिलों के 59 विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान 59.13 प्रतिशत मतदान ललितपुर में हो गया था। इसके साथ ही हाथरस, फिरोजाबाद, एटा, कासगंज, कन्नौज, इटावा, हमीरपुर तथा महोबा में 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हो गया था। कानपुर नगर के मतदाताओं ने तीन बजे तक भी गति नहीं पकड़ी थी। यहां 41.15 प्रतिशत मतदान हो सका था।

मैनपुरी की आवास विकास कालोनी के बूथ पर भिड़े भाजपा तथा सपा के एजेंट, हल्का बल का प्रयोग = विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में संवेदनशील जिला माने जाने वाले मैनपुरी में भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं में झड़प जारी है। मैनपुरी के आवास विकास कालोनी में बने बूथ पर सपा और भाजपा एजेंट के बीच विवाद हो गया। इनके बीच मारपीट की नौबत आने से पहले पैरामिलिट्री के जवानों ने हल्का बल प्रयोग कर दोनों पार्टी के समर्थकों को खदेड़ दिया। इसके साथ ही मतदान केन्द्र के आसपास गली में खड़े लोगों को घरों के अंदर जाने का निर्देश दिया। यहां पर फर्जी मतदान की शिकायत को लेकर दोनों दल के एजेंटों के बीच में विवाद शुरू हुआ था।

उत्तर प्रदेश में एक बजे तक 35.88 प्रतिशत मतदान, कासगंज सबसे आगे = उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में छह घंटे यानी एक बजे तक कुल 35.88 प्रतिशत मतदान हो गया था। इस दौरान कहीं से भी झड़प की कोई सूचना नहीं है। दिन में एक बजे तक सर्वाधिक मतदान कासगंज में 42.31 प्रतिशत था। ललितपुर में भी 42.10 प्रतिशत मतदान हो गया था। इनके साथ ही मैनपुरी, एटा, फिरोजाबाद, हमीरपुर तथा महोबा में भी मतदाता बड़ी सख्या में उमड़े हैं। कानपुर शहर व देहात के साथ ही झांसी, व फर्रुखाबाद में भी मतदान की गति काफी सुस्त है। कानपुर शहर में एक बजे तक 28.56 प्रतिशत मतदान हो पाया था।

मैनपुरी के दिबलपुर मतदान केन्द्र पर फायरिंग, सपा व भाजपा के समर्थक भिड़े = उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव 2022 में तीसरे चरण के मतदान में बेहद संवेदनशील माने जाने वाले जिले मैनपुरी में भारतीय जनता पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भिड़ गए। इस दौरान करीब 11 राउंड फायरिंग भी हुई। मैनपुरी के सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव दिबलपुर में मतदान के दौरान सपा और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थक भिड़ गए। इस दौरान 11 राउंड फायरिंग हुई जिससे दहशत फैल गई।

# अब चुनावों में राजनीतिक पार्टियों के फ्री के वादों पर लगेगी लगाम

## सुप्रीम कोर्ट कर सकता है जवाबदेही तय

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की राजनीतिक पार्टियों द्वारा किए जाने वाले हवा-हवाई और फ्री के वादों पर जल्द लगाम लग सकती है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में केंद्र और भारत के चुनाव आयोग ( ईसीआई ) को राजनीतिक दलों को विनियमित करने और उन्हें जवाबदेह बनाने के लिए निर्देश देने की मांग की गई है। बता दें कि वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अपने वकील अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से यह याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग से चुनाव चिन्ह को जब्त करने और चुनावी घोषणापत्र में किए गए अपने आवश्यक तर्कसंगत वादों को पूरा करने में विफल रहने वाले राजनीतिक दलों की मान्यता रद्द करने का निर्देश देने की भी मांग की है।



तीन दिवसीय फ्रांस की यात्रा पर हैं एस जयशंकर, यूरोपीय संघ के मंत्रिस्तरीय मंच और द्विपक्षीय बैठक में लेंगे हिस्सा

### घोषणापत्र को एक विजन दस्तावेज बनाया जाए

गौरतलब है कि अपनी याचिका में अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अदालत से यह निर्देश देने का आग्रह किया है कि यदि राजनीतिक दल निर्वाचित हो जाता है तो चुनाव घोषणापत्र को एक विजन दस्तावेज बनाया जाए और राजनीतिक दल के इरादों, उद्देश्यों और विचारों की एक प्रकाशित घोषणा माना जाए। अश्विनी कुमार ने कानून और न्याय मंत्रालय को पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के कामकाज को विनियमित करने और उन्हें आवश्यक तर्कसंगत घोषणापत्र वादों के लिए जवाबदेह बनाने के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश देने की भी मांग की है।

### मुफ्त के वादों पर लगे लगाम

याचिका में कहा गया है कि लोकतंत्र का आधार निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया है। अगर चुनावी प्रक्रिया की अखंडता से समझौता किया जाता है तो प्रतिनिधित्व की धारणा खत्म हो जाती है। अश्विनी कुमार ने याचिका में कहा है कि राजनीतिक दल तर्कहीन मुफ्त का वादा कर रहे हैं लेकिन आवश्यक वादे पूरे नहीं कर रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए खतरा हो सकता है।

# ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में चीनी लड़ाकू विमानों ने फिर की घुसपैठ

## अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा ड्रैगन



ताइपे, एजेंसी। चीन और ताइवान के बीच लंबे समय से तनाव का माहौल है। इस बीच, स्थानीय मीडिया ने बताया कि चार चीनी लड़ाकू विमानों ने शुक्रवार को ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र (एडीआइजेड) में घुसपैठ की है। ताइवान न्यूज ने देश के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स के चार शेनयांग छ्व-16 फाइटर जेट्स ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इस साल अब तक एक दिन में ताइवान के एडीआइजेड में घुसपैठ करने वाले चीनी सेना के विमानों की सबसे अधिक संख्या 23 जनवरी को दर्ज की गई है, जब 39 चीनी विमानों को ताइवान के वायु क्षेत्र में घुसते हुए देखा गया था। मालूम हो कि बीजिंग ताइवान पर पूर्ण संप्रभुता का दावा करता है। मुख्य भूमि चीन के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित ताइवान में लगभग दो करोड़ चालीस लाख (24 मिलियन लोगों) का लोकतंत्र है। इस तथ्य के बावजूद कि दोनों पक्ष सात दशकों से अधिक समय से अलग-अलग शासित हैं। दूसरी ओर, ताइपे ने अमेरिका सहित लोकतंत्रों के साथ रणनीतिक संबंध बढ़ाकर चीनी आक्रामकता का मुकाबला किया है, जिसका बीजिंग द्वारा बार-बार विरोध किया गया है। चीन ने धमकी दी है कि 'ताइवान की आजादी' का मतलब युद्ध है।

# यूएस फंडेड प्रोजेक्ट के खिलाफ नेपाल में जबरदस्त प्रदर्शन, पुलिस ने भीड़ पर छोड़े आंसू गैस के गोले

काठमांडू, एजेंसी। नेपाल में अमेरिका द्वारा वित्त पोषित प्रोजेक्ट को लेकर कुछ लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने उन पर आंसू गैस और पानी की बौछारें मारी। पुलिस ने बताया कि झड़पों में कुछ प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए हैं। एक अमेरिकी सरकारी सहायता एजेंसी मिलेनियम चैलेंज कोरपोरेशन (एमसीसी) ने 2017 में नेपाल में 300 किलोमीटर (187 मील) बिजली ट्रांसमिशन लाइन और एक सड़क सुधार परियोजना के लिए अनुदान में 500 मिलियन अमरिकी डालर प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की थी।



सरकारी अधिकारियों ने कहा कि यह अनुदान चुकाना नहीं होगा, लेकिन विरोधियों का कहना है कि यह समझौता नेपाल के कानूनों और संप्रभुता को कमजोर करेगा। सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों सहित प्रमुख राजनीतिक दल इस मामले में विभाजित हो गए हैं, कुछ अमेरिकी अनुदान राशि को स्वीकार करने पर सहमति जता रहे हैं, जबकि कुछ इससे असहमत हैं।

नेपाल में अमेरिकी दूतावास ने 500 मिलियन अमेरिकी डालर के एमसीसी अनुदान को अमेरिकी लोगों की ओर से एक उपहार और दोनों देशों के बीच एक साझेदारी के रूप में वर्णित किया है। इससे नेपाल में रोजगार बढ़ेगा और नेपाल की जनता के जीवन में सुधार होगा।

**वर्तमान समय में श्रीलंका की आर्थिक स्थिति काफी बदतर हो गई है**

दूतावास ने शनिवार को देर रात जारी एक बयान में कहा, इस परियोजना का अनुरोध नेपाली सरकार और नेपाली लोगों ने किया था और गरीबी को पारदर्शी रूप से कम करने और नेपाल की अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए इसे डिजाइन किया गया था। नेपाल विदेशी सहायता पर बहुत अधिक निर्भर करता है, और दाता नेपाल विकास मंच के माध्यम से विकास सहायता नीति का समन्वय करते हैं, जिसके सदस्यों में दाता देश और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संगठन शामिल हैं।

# कनाडा में जब्ती आदेश के खिलाफ अपील कर सकेगी एयर इंडिया, देवास मामले में विमानन कंपनी ने अपीलीय अदालत की मंजूरी हासिल की



नई दिल्ली, एजेंसी। एयर इंडिया ने कनाडा की एक अदालत के उस आदेश को चुनौती देने के लिए एक अपीलीय अदालत की मंजूरी हासिल की है, जिसमें देवास मल्टीमीडिया के विदेशी निवेशकों को उसके कोष को जब्त करने की इजाजत दी गई थी। वर्ष 2005 में एंट्रिक्स कारपोरेशन के साथ सेटेलाइट सौदा रद होने के चलते मुआवजा हासिल करने के लिए देवास को यह कोष जब्त करने की इजाजत दी गई थी। न्यायाधीश क्रिस्टीन बाडुइन ने 11 फरवरी के एक फैसले में एयर इंडिया की इस अपील पर सहमति जताई कि अदालत को मारीशस स्थित तीन निवेशकों और जर्मनी की डायचे टेलीकाम के दावे पर फिर से विचार करना चाहिए कि एयरलाइन भारत सरकार की है और इसलिए उससे वसूली की जानी चाहिए। न्यायाधीश ने एक संक्षिप्त आदेश में कहा, %अपील के गुणदोष या सफलता की संभावना पर राय व्यक्त किए बिना, मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि इस मामले को अदालत में पेश करना चाहिए।% उन्होंने मामले की सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख निर्धारित की है। एयर इंडिया ने देवास के विदेशी निवेशकों की मांग को यह कहते हुए खारिज करने की अपील की है कि 27 जनवरी, 2022 को टाटा समूह द्वारा इसके अधिग्रहण के बाद अब यह सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी नहीं है। वर्ष 2005 में इसरो की वाणिज्यिक इकाई एंट्रिक्स और देवास के बीच स्पेक्ट्रम उपयोग को लेकर करार हुआ था। यह सौदा 2011 में इस आधार पर रद कर दिया गया कि ब्राडबैंड स्पेक्ट्रम की नीलामी में धोखाधड़ी में हुई थी और सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा और अन्य सामाजिक उद्देश्यों के लिए एस-बैंड उपग्रह स्पेक्ट्रम की जरूरत थी। इसके बाद देवास मल्टीमीडिया ने इंटरनेशनल चैंबर्स आफ कामर्स (आइसीसी) में फैसले के खिलाफ मध्यस्थता कार्रवाई शुरू की।

# हमारे हिंदुत्व का मतलब बदला लेना नहीं है : उद्भव ठाकरे

मुंबई, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सिलसिलेवार हमले के बाद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपने महाराष्ट्र समकक्ष और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद ठाकरे ने बीजेपी पर जमकर हमला बोला और केसीआर के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, ÷भविष्य की रणनीति बनाने के लिए एक पहल की जानी थी, इसलिए यह बैठक हुई। इस प्रयास में समय और बहुत मेहनत लगेगी।



बीजेपी पर हमला बोलते हुए ठाकरे ने कहा कि झूठ और दूसरों को बदनाम करने का यह धंधा अच्छा नहीं है, आज यही हो रहा है। हालांकि बीजेपी का नाम लिए बगैर उद्धव ठाकरे ने कहा, %बदला लेने के इर्द-गिर्द घूमने वाला हिंदुत्व हमारा हिंदुत्व नहीं है। कुछ लोग सिर्फ अपने एजेंडे के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपने देश को सही रास्ते पर लाना है। पीएम कौन होगा इस पर बाद में चर्चा की जा सकती है। हम आज से कई राजनीतिक नेताओं से मिलेंगे।

बता दें कि केसीआर के साथ उनकी बेटी और विधान परिषद सदस्य के कविता और पार्टी सांसद जे संतोष कुमार, रंजीत रेड्डी और बी बी पाटिल भी मुंबई दौरे पर पहुंचे। एनसीपी प्रमुख शरद पवार के साथ केसीआर की बैठक से पहले दोनों ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

**मीटिंग में हुई इन मुद्दों पर चर्चा**

दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच बैठक के दौरान शिवसेना नेता संजय राउत और अरविंद सावत के साथ-साथ अभिनेता प्रकाश राज भी मौजूद थे। सीएम उद्धव ठाकरे और सीएम केसीआर के बीच बैठक के दौरान बभली बांध, तुम्मिडीहेटी, मेदिगड्डा बैराज और चंखा-कोर्टा बैराज जैसी सिंचाई परियोजनाओं सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि दोनों राज्यों में उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं और परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

# यूक्रेनी सेना और विद्रोहियों के बीच तेज हुई लड़ाई, भीषण गोलाबारी में मारे जा रहे दोनों ओर के लोग, रूस ने उठाया यह कदम

कीव, एपी, ऐंसी। पूर्वी यूक्रेन में यूक्रेनी सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच छिड़ा संघर्ष रविवार को और तेज हो गया। दोनों ओर से जारी गोलाबारी में अभी तक यूक्रेन के दो सैनिक मारे गए हैं और चार सैनिक घायल हुए हैं। विद्रोही नेताओं ने दावा किया है कि यूक्रेन के सेना के हमले में कब्जे वाले इलाके में दो नागरिक मारे गए हैं। इन इलाकों से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों का रूस के सुरक्षित इलाकों में जाना जारी है।

पता चला है कि विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों में रहने वाले सात लाख लोगों के लिए रूस ने पासपोर्ट जारी कर उन्हें औपचारिक रूप से अपना नागरिक बना लिया है। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों ने पूर्वी यूक्रेन में छिड़े संघर्ष, बेलारूस और काला सागर में चल रहे युद्धाभ्यास और परमाणु हमले के अभ्यास को रूस के तनाव बढ़ाने वाले कदम कहा है। कहा है कि इनके जरिये रूस यूक्रेन पर हमले का बहाना गढ़ रहा है।



### बीजिंग ताइवान पर पूर्ण संप्रभुता का करता है दावा

किसी भी दिन वह यूक्रेन पर सैन्य कार्रवाई शुरू कर सकता है। अमेरिका के राष्ट्पति जो बाइडन ने सोमवार से शुरू हो रहे सप्ताह में रूसी हमले का अंदेशा जताया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने कहा है कि रूसी सैनिक यूक्रेन की सीमा के और करीब आ गए हैं और वे अपने हथियारों के साथ मोर्चेबंदी कर रहे हैं। उनकी तैयारियां हमले से ठीक पहले वाली हैं।

यूक्रेन की सेना और रूस समर्थित विद्रोहियों के बीच छिड़े संघर्ष में तीन दिनों में संघर्षविराम उल्लंघन की दो हजार घटनाएं दर्ज की गई हैं। विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाके और शेष यूक्रेन के बीच नियुक्त पर्यवेक्षक दल ने ने अपनी ताजा रिपोर्ट में यह बात कही है। पूर्वी यूक्रेन में दोनों के बीच 2014 से लड़ाई छिड़ी हुई है लेकिन ताजा संघर्ष पिछले सात साल में सबसे भीषण है। इस बीच यूक्रेन ने विद्रोहियों के कब्जे वाले इलाकों को जाने वाले सात रास्तों पर बने चेकपोस्ट बंद कर दिए हैं। अब दोनों ओर से लोगों का आना-जाना बंद है।

### यूक्रेन पहुंचा मशीनगन और राइफलों से भरा विमान

रूसी हमले की आशंका के बीच यूक्रेन को पश्चिमी देशों से हथियार मिलने जारी हैं। रविवार को कनाडा से हजारों मशीनगन, असाल्ट राइफल, नाइट विजन डिवाइस और सर्विलांस उपकरण लेकर विमान कीव पहुंचा। यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेजनीकोव ने इस सहायता के लिए कनाडा का आभार जताया है। यूक्रेन को अमेरिका, ब्रिटेन, लिथुआनिया और तुर्की से भी सैन्य सामग्री प्राप्त हुई है।

## न्यूज़ ट्रैक....

### महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल 21 फरवरी को

**नई दिल्ली ।** महिला कबड्डी खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय चयन ट्रायल देश के विभिन्न राष्ट्रीय सेंटर आफ एक्सीलेंस (एनसीओई) और गैर साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) केंद्रों में 21 फरवरी से होगा। साइ ने इसकी जानकारी दी। यह चयन ट्रायल 16 से 22 साल की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए होगा और चयन पात्रता की अन्य जानकारी साइ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ट्रायल की शुरुआत साइ के एनआरसी एनसीओसी सोनीपत में 21 फरवरी को होगी और यह प्रक्रिया इसके बाद के हफ्तों में अन्य साइ/गैर साइ केंद्रों में जारी रहेगी। ट्रायल जिन एनसीओई में होगी, उनमें धर्मशाला (24-25 फरवरी), लखनऊ (27-28 फरवरी), त्रिवेंद्रम (25-26 फरवरी), मुंबई (28 फरवरी से एक मार्च), कोलकाता (पांच-छह मार्च) और गुवाहाटी (आठ मार्च) शामिल हैं। एसटीसी चेन्नई में 22-23 फरवरी, एसटीसी हैदराबाद में 25-26 फरवरी, पंजाब के एसटीसी मस्तुना साहिब में 27-28 फरवरी, जयपुर के चोगन स्टेडियम में 28 फरवरी और एक मार्च, बेंगलुरू में साइ केंद्र में 28 फरवरी और एक मार्च, पटना के पाटलीपुत्र स्टेडियम में दो-तीन मार्च, दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में तीन मार्च और वडोदरा के मांजलपुर खेल परिसर में भी ट्रायल होगा।

### शाकिब अल हसन फिर विवादों में, बोर्ड ने जारी किया नोटिस

**ढाका ।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) फ्रेंचाइजी फॉर्च्यून बरिशल को अपने कप्तान शाकिब अल हसन को शूट में शामिल होने के लिए बायो-बबल प्रोटोकॉल तो?ने की अनुमति देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। बीसीबी के अध्यक्ष नजमुल हसन ने इसकी जानकारी दी। दरअसल शाकिब ने बीपीएल फाइनल से पहले कप्तानों के आधिकारिक फोटो शूट और प्रशिक्षण सत्र को छो? दिया था, ताकि वह एक सॉफ्ट ड्रिंक कंपनी के लिए टीवीसी की शूटिंग में भाग ले सकें। नजमुल ने बताया कि हमने पहले ही फ्रेंचाइजी को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। हमने उन्हें बायो-बबल प्रोटोकॉल बनाए रखने का निर्देश दिया, लेकिन उन्होंने उस तो? दिया, इसकारण हमने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। हम टूर्नामेंट के दौरान कुछ नहीं कर सके, लेकिन अब यह खत्म हो गया है, हम देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। अगर कोई कानून तो?ता है,तब हम इस बर्दाश्त नहीं करने वाले है।

### टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे नोरी

डेलरे बीच (ईएमएस)। शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी कैमरन नोरी डेलरे बीच टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। नोरी ने यहां क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त सबेस्टियन कोर्डा को 6-2, 1-6, 7-6 (4) से हराया। कोर्डा ने टाईब्रेकर में शुरुआती दो अंक हासिल किये पर इसके बाद 6 खो दिए। वह इसके बाद आगे नहीं निकल पाये। अब सेमीफाइनल में नोरी का मुकाबला चौथे वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल से होगा। इससे पहले पॉल ने स्टीफन कोजलोव को 6-3, 6-1 से पराजित किया था। एक अन्य मुकाबले में साल 2020 के चैंपियन रिली ओपेलका ने भी एड्रियन मनारिनो को 7-6 (2), 3-6, 6-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। यहां ओपेलका का सामना बनाई जहां उनका सामना जॉन मिलमैन से होगा। मिलमैन ने इससे पहले ग्रिगोर दिमित्रोव को हराया था।

# फॉल्कनर ने अनुबंध राशि नहीं मिलने पर पीएसएल छोड़ी , होटल में हंगामा किया

**लाहौर ।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स फॉल्कनर ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में अनुबंध राशि नहीं मिलने पर लीग छोड़ने के साथ ही होटल में भी जमकर हंगामा किया है। इस ते गेंदबाज ने सोशल मीडिया ट्विटर पर पीसीबी की आलोचना करते हुए कहा कि उसने अनुबंध का सम्मान नहीं किया और उसकी ओर से गलत बयान दिये जा रहे हैं। पीएसएल में क्वेटा ग्लैडिएटर्स टीम की ओर से खेलने वाले फॉल्कनर इतने गुस्से में आ गये कि उन्होंने हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले होटल के लॉबी फ्लोर में लगे झूमर तक अपने बल्ले से तोड़ दिये। इसके बाद वह पीसीबी अधिकारियों से बातचीत कर जब बाहर निकले थे तो नाराज नजर आ रहे थे।

फॉल्कनर ने हालांकि इसके बाद अपने व्यवहार के लिए प्रशंसकों से माफी मांगी और सोशल मीडिया पर लिखा, पीसीबी ने उनका सम्मान नहीं किया। साथ ही लिखा, मैं पाक क्रिकेट प्रशंसकों से माफी मांगता हूं। मुझे पिछले 2 मैचों से हटना पड़ा। पीसीबी ने अनुबंध समझौते को पूरा नहीं किया। इसलिए मुझे पीएसएल छोडना पड़ा है। मैं यहां परे समय रहा पर वे लगातार झूठ बोलते रहे। पीएसएल छोडने में दुख होता है क्योंकि मैं पाक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को वापस लाने में मदद करना चाहता था क्योंकि बहुत सारी युवा प्रतिभाएं हैं और प्रशंसक अद्भुत हैं पर पीसीबी और पीएसएल प्रबंधन से मुझे जो बदला मिला है वह अपमानजनक है। मुझे यकीन है कि आप सभी मेरी स्थिति को समझते होंगे। वहीं दूसरी ओर पीसीबी ने



कहा कि फॉल्कनर के आरोप गलत और आधारहीन हैं ओर इस मामले में हम जल्द ही एक बयान जारी करेंगे। वहीं कहा जा रहा है कि पीसीबी ने फॉल्कनर द्वारा दिए खाते में 70 फीसदी भुगतान कर दिया था। बाकी 30 प्रतिशत टूर्नामेंट के 40 दिनों के बाद दिया जाना है उस को लेकर विवाद उठा। फॉल्कनर के जिस बैंक खाते में पैसे गए थे, उसका वह इस्तेमाल नहीं कर रहे थे। उन्होंने दूसरे खाते में पैसे ट्रॉफसर करने का अनुरोध किया तो बैंक ने शुरुआत में पैसे ट्रॉसफर करने से इंकार कर दिया। फॉल्कनर के इस व्यवहार पर पाक प्रशंसकों ने नाराजगी जतायी है। वहीं ग्लैडिएटर्स टीम का कहना है कि यह पीसीबी और इस खिलाड़ी के बीच का मामला है।

# रोहित को टेस्ट टीम की कमान, पुजारा और रहाणे टीम से बाहर

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने श्रीलंका के खिलाफ आगामी टी-20 और टेस्ट सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा को टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है, वहीं विराट कोहली और ऋषभ पंत को टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में चोटिल होने की वजह से बाहर है। दोनों ही टीमों के उप कप्तान जसप्रीत बुमराह को बनाया गया है। चेतन शर्मा की अगुवाई वाली चयन समिति ने चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को टीम से बाहर कर दिया है। दोनों ही खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। रोहित को टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त कर चेतन शर्मा ने कहा, रोहित हमारे देश के नंबर 1 क्रिकेटर हैं। वह बिल्कुल फिट और ठीक हैं। खिलाड़ियों को ग्रूम करना



आसान हो जाता है, जब उनके जैसा बड़ा खिलाड़ी कप्तान बन जाता है।÷

सीनियर खिलाड़ियों को बाहर करने की बात पर चयनकर्ता ने कहा, हमने उनसे कहा है कि हम दो टेस्ट मैचों के लिए उन पर विचार नहीं कर रहे हैं। हम किसी के लिए दरवाजे बंद नहीं कर रहे हैं। रन बनाएं, विकेट लें, देश के लिए खेलकर टीम में जगह पक्की करें। हमने रहाणे, पुजारा, इशांत, साहा से रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए जाने का अनुरोध किया है। श्रीलंका का भारत दौरा 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। दौरे पर पहले तीन मैच की टी20 सीरीज होगी। सीरीज का पहला मुकाबला लखनऊ में होगा, वहीं अगले दो मैचों की मेजबानी धर्मशाला को मिली है। टी20 सीरीज के बाद दो मैच की टेस्ट सीरीज भी खेली जाएगी। पहला टेस्ट 4 मार्च से मोहाली में, दूसरा टेस्ट 12 मार्च से बैंगलोर में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट डे नाइट टेस्ट होगा।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया- रोहित शर्मा (कप्तान), मयंक अग्रवाल, प्रियंक पंचाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, हनुमा विहारी, शुभमन गिल, ऋषभ पंत, केएस भरत, रविचंद्रन अश्विन (फिटनेस पर निर्भर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, सौरभ कुमार।

## फिट होने पर ही हार्दिक के नाम पर विचार होगा : चेतन शर्मा

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) राष्ट्रीय चयन समिति के प्रमुख चेतन शर्मा ने कहा है कि पूर्ण फिट होने पर ही टीम इंडिया में चयन के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या के नाम पर विचार होगा। साथ ही कहा कि हार्दिक रणजी ट्राफी में क्यों नहीं खेल रहे वह नहीं जानते जबकि इस टूर्नामेंट से उनकी फिटनेस का आंकलन किया जा सकता था। वहीं इससे पहले हार्दिक ने कहा था कि रणजी ट्राफी में इसलिए नहीं खेल रहे क्योंकि उनका लक्ष्य सीमित ओवरों के लिए टीम में वापसी है। चेतन ने कहा कि हार्दिक रणजी ट्राफी में क्यों नहीं खेल रहे हैं वह नहीं जानते, उन्होंने कहा, ''यदि कोई खेलना नहीं चाहता है, तो चयन समिति इस मामले में कुछ नहीं कर सकती है।÷उन्होंने कहा, '' उन्होंने कहा कि हमारी नजर उन खिलाड़ियों पर है जो रणजी में खेल रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'' चयन समिति के प्रमुख से जब हार्दिक की उपलब्धता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जब तक वह गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं होते उनके नाम पर विचार नहीं होगा।

# मां ने गहने गिरवी रखकर बेटे साकिबुल को दिलाया बल्ला, उभरे नए स्टार बनकर

**नई दिल्ली ।** बेटे की क्रिकेट के प्रति लगन देख कर एक मां ने अपने गहने गिरवी रखकर उसे बल्ला दिलाया तो उसने भी मां को निराश नहीं किया। साकिबुल गनी नए स्टार बनकर उभरे हैं और अपना नाम इतिहास में दर्ज करा लिया है, लेकिन उनके यहां तक पहुंचने की कहानी बेहद ही संघर्ष वाली रही है। क्रिकेट के अच्छे बैट 30 से 35 हजार रुपए के आते हैं। ऐसे में गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले गनी के पास इतने पैसे नहीं थे कि वे बैट खरीद सकें, पर मां तो मां ही होती है। उसने अपने गहने गिरवी रखकर बेटे के सपने को पूरा करने की ठानी और आज परिणाम सबके सामने हैं। गनी फर्स्ट क्लास क्रिकेट के डेब्यू मैच में तिहरा शतक लगाने वाले दुनिया के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 22 साल के बिहार के गनी ने रणजी ट्रॉफी के एक मैच में 405 गेंद पर 341 रन बना डाले। मिजोरम के खिलाफ उन्होंने 56 चौके और 2 छक्के भी जड़े।



साकिबुल गनी इससे पहले जूनियर क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके ब? भाई फैसल गनी ने बताया कि हमारे पास साकिबुल के महंगे बैट खरीदने के पैसे नहीं थे। लेकिन मां ने कभी भी पैसे की कमी महसूस नहीं होने दी। जब भी परेशानी आती थी, मां अपना गहना गिरवी रखकर मदद कर देती थीं। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों जब गनी टूर्नामेंट खेलने के लिए जा रहा था कि मां ने उसे 3 बैट दिए। फिर कहा- जाओ बेटा तीन शतक लगा कर आना। उसने पहले ही मैच में तिहरा शतक लगाकर उनके सपने को पूरा कर दिया। 22 साल के युवा बल्लेबाज साकिबुल गनी ने 7 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उनके पिता मोहम्मद मन्नान पीडीएस की दुकान चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उसने 7 साल की उम्र से क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया था। वह अपने ब? भाई के साथ खेलने जाता था। हमने हर तरह से उसकी मदद करने की कोशिश। एक बार साकिबुल अपने बड़े भाई फैसल को 2009 में मैच खेलने के लिए पटना एयरपोर्ट छोड़ने गया था। फैसल ने बताया कि मुझे हवाई जहाज में बैठता देख साकिबुल को लगा कि वह भी क्रिकेट खेलेगा तो फ्लाइट से यात्रा कर सकेगा। इसके बाद उसने खेल पर और ध्यान शुरू किया। फैसल तेज गेंदबाज हैं। साकिबुल गनी ने पहली बार तिहरा शतक नहीं लगाया है। इससे पहले वे स्टेट लेवल के अंडर-23 टूर्नामेंट में भी 306 रन की बड़ी पारी खेल चुके हैं। इसके अलावा वे दोहरा शतक भी जड़ चुके हैं। हालांकि खेल के चलते वे पढ़ाई में पिछड़ गए। वे 12वीं की परीक्षा भी नहीं दे सके। वे तेज गेंदबाजी भी करते हैं। साकिबुल 14 लिस्ट-ए मैच में 31 की औसत से 377 रन बना चुके हैं। 4 विकेट भी झटके हैं। वहीं टी20 की 9 पारियों में 27 की औसत से 192 रन बनाए हैं। एक अर्धशतक लगाया है। रणजी के मौजूदा सीजन में उन्होंने अच्छी शुरुआत की है। अब नजर आने वाले मैचों में उनके प्रदर्शन पर है।

## व्यापार न्यूज

### एफपीआई ने बाजारों से 18,856 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** इस महिने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अब तक भारतीय बाजारों से 18,856 करोड़ रुप की निकासी की है। भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के बीच एफपीआई की निकासी में बढ़ोतरी देखी गई है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार एक से 18 फरवरी के दौरान एफपीआई ने शेयरों से 15,342 करोड़ रुपए और ऋण या बांड बाजार से 3,629 करोड़ रुपए निकाले हैं। इस दौरान उन्होंने हाइब्रिड माध्यमों में 115 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस तरह उनकी निकासी 18,856 करोड़ रुपए रही है। यह लगातार पांचवां महीना है जबकि विदेशी कोषों ने भारतीय बाजारों से निकासी की है। जानकारों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की संभावना के बीच एफपीआई हाल के समय में भारतीय शेयरों से निकासी कर रहे हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी का संकेत दिए जाने के बाद उनकी बिकवाली भी तेज हुई है। अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन को लेकर तनाव बढ़ने से निवेशकों का रुख बांड और सोने जैसे सुरक्षित निवेश विकल्पों की तरफ हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में एफपीआई ने भारतीय शेयरों से करीब आठ अरब डॉलर निकाले हैं। यह 2009 के बाद सबसे ऊंचा आंकड़ा है।

### एनटीपीसी ने 314 अरब यूनिट बिजली उत्पादन किया

**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2020-21 में 314 अरब यूनिट के अधिकतम वार्षिक बिजली उत्पादन को चालू वित्त वर्ष में 18 फरवरी को पीछे छोड़ दिया। कंपनी ने अपने एक बयान में कहा कि एनटीपीसी ने 18 फरवरी 2022 तक 314.89 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। पिछले साल 18 फरवरी तक उसका बिजली उत्पादन 270.0 अरब यूनिट था। ये आंकड़े एनटीपीसी के बेहतर प्रदर्शन और चालू वित्त वर्ष में बिजली की मांग बढ़ने के संकेत देते हैं। केंद्रीय बिजली प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार छत्तीसगढ़ में एनटीपीसी कोरबा (2600 मेगावाट संयंत्र) भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला ताप-बिजली संयंत्र है। इस संयंत्र ने अप्रैल 2021 और जनवरी 2022 के बीच 94.32 प्रतिशत क्षमता का उपयोग किया।

### केपीटीएल ने जेएमसी में विलय की घोषणा की

**नई दिल्ली ।** कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) ने जेएमसी प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के साथ अपने विलय की घोषणा की। इस विलय के बाद बनने वाली कंपनी देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कंपनियों में से एक होगी। एक बयान में कहा गया कि विलय की प्रक्रिया के एक अप्रैल 2022 को शुरू होकर वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में पूरी होने की उम्मीद है। केपीटीएल ने कहा ?कि कल्पतरु पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (केपीटीएल) और जेएमसी प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (जेएमसी) के निदेशक मंडलों की 19 फरवरी को आयोजित अलग-अलग बैठकों में इस विलय योजना को मंजूरी दी गई है। यह अन्य बातों के साथ ही केपीटीएल के साथ जेएमसी के विलय का प्रावधान करती है। बयान में यह भी कहा गया कि विलय के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी), अन्य प्राधिकरणों, शेयर बाजारों, शेयरधारकों और लेनदारों की मंजूरियां ली जानी अभी बाकी हैं। विलय योजना के अनुसार जेएमसी के शेयरधारकों को प्रत्येक चार शेयरों के बदले केपीटीएल का एक शेयर आवंटित किया जाएगा।

### कोवैक्सीन का अमेरिका में होगा परीक्षण

**नई दिल्ली ।** टीका विनिर्माता भारत बायोटेक ने कहा कि उसकी कोवैक्सीन का परीक्षण अमेरिका में कोविड-19 वैक्सीन के लिए किया जाएगा। कोवैक्सीन के लिए अमेरिका और कनाडा में भारत बायोटेक की साझेदार फर्म ओक्यूजेन इंक ने कहा कि अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक यूएसएफडीए ने कोविड-19 वैक्सीन के उम्मीदवार बीबीवी152 का मूल्यांकन करने के लिए अपनी क्लिनिकल रोक हटा ली है। अमेरिका के बाहर बीबीवी152 को कौवैक्सीन के नाम से जाना जाता है। कोवैक्सीन (बीबीवी152) को भारत बायोटेक ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के सहयोग से विकसित किया है।

## सोयाबीन और बिनौला तेल के भाव में भी आएगी कमी

# मंडी में आवक बढ़ने से सरसों के तेल में नरमी

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजारों में तेजी की वजह से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को मूंगफली और सोयाबीन तेल तिलहन, बिनौला, सीपीओ, पामोलीन तेल की कीमतों में सुधार का रुख रहा। वहीं सरसों की नई फसल की मंडियों में आवक बढ़ने से सरसों तेल तिलहन के भाव गिरावट के साथ बंद हुए। जानकारों ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के बावजूद मंडियों में सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से सरसों तेल तिलहन के भाव में नरमी रही। उन्होंने कहा कि हल्के तेलों में सोयाबीन और बिनौला तेल से जिस सरसों तेल का भाव 25-30 रुपए किलो अधिक रहा करता था, उसके नई फसल की आवक बढ़ने के बाद 15-20 दिन में इन हल्के तेलों के मुकाबले 5-7 रुपए किलो सस्ता हो जाने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि सरकार को खाद्य तेलों के आयात को कम करने के साथ तेल तिलहन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए तिलहन उत्पादन बढ़ाने पर जोर देना चाहिए। मूंगफली



तेल, हल्के तेलों में सोयाबीन और बिनौला तेल से सस्ता हो गया है। वहीं बाकी तेल तिलहनों के भाव अपरिवर्तित रहे। बाजार में इन तेलों के थोक भाव (रुपए प्रति क्विंटल) इस प्रकार रहे- सरसों तिलहन 8275-8300 रुपए (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव), मूंगफली 6,125- 6,220 रुपए, मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात)13,550 रुपए, मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 2185-2,370 रुपए प्रति टिन, सरसों तेल दादरी 16,580 रुपए प्रति क्विंटल, सरसों पक्की घानी 2445-2490 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी 2645-2740 रुपए प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 16,700-18,200 रुपए, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 14,550 रुपए, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 14,300 रुपए, सरसों पक्की घानी 2445-2490 रुपए प्रति टिन, सरसों कच्ची घानी- 2645-2740 रुपए प्रति टिन, तिल तेल मिल डिलिवरी 16,700-18,200 रुपए, सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली 14,550 रुपए, सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर 14,300 रुपए, सोयाबीन तेल डीगम, कांडला 13,180, सीपीओ एक्स-कांडला 12,600 रुपए, बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा) 13,400 रुपए, पामोलिन आरबीडी, दिल्ली 14,000 रुपए, पामोलिन एक्स, कांडला- 12,800 (बिना जीएसटी के), सोयाबीन दाना 7050-7100, सोयाबीन लूज 6800-6965 रुपए और मक्का खल (सरिस्का) 4,000 रुपए।

## इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट से सफर जल्द होगा प्रारंभ

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक बाइक, कार और स्कूटर के साथ अब हवा में इलेक्ट्रिक एयरक्राफ्ट में सफर भी शुरु हो सकेगा। जर्मन एयरक्राफ्ट मैन्यूफैक्चरर वोलोकॉप्टर सिंगापुर में दो साल के भीतर इलेक्ट्रिक एयर टैक्सी शुरू करने की योजना बना रहा है। वर्तमान में इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे नजदीकी डेस्टीनेशन के लिए उड़ानें प्रदान करने के लिए बातचीत कर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर क्रिश्चियन बाउर का कहना है कि उनकी कंपनी का लक्ष्य मरीना बे और सेंटोसा के लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के आसपास 10 से 20 हवाई टैक्सियों का एक बेड़ा चलाने का है।कंपनी के एशियाई विस्तार कदम के हिस्से के रूप में वोलोकॉप्टर ने सिंगापुर में रखरखाव संचालन स्थापित करने की भी योजना बनाई है। इसके साथ ही यह शहर-राज्य सहित एशिया में इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग एयरक्राफ्ट के निर्माण पर व्यवहार्यता अध्ययन कर रहा है। कंपनी अभी भी यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी से अनुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया में है, ताकि उसे यूरोप और साथ ही सिंगापुर में एयर टैक्सियों को संचालित करने की अनुमति मिल सके। हालांकि, उसने पहले ही 15 मिनट की जॉय फ्लाइट्स के लिए टिकट बेचना शुरू कर दिया है।एशिया में अपने विस्तार को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी की योजना सिंगापुर में अपने कर्मचारियों को वर्तमान में 10 से बढ़ाकर 2030 तक 500 करने की है। यह अगले साल की शुरुआत में चीन के चेंगदू में गेली के सहयोग से अपने ड्रोन का उपयोग करके पार्सल डिलीवरी सेवाएं प्रदान करना शुरू करने की भी उम्मीद कर रही है।

## मारुति अर्टिगा दे रही हैचबैक और एसयूवी को कड़ी टक्कर

**नई दिल्ली ।** भारत में मारुति सुजुकी की सबसे सस्ती 7 सीटर एमपीवी मारुति अर्टिगा एक ऐसी कार है, जो हैचबैक और एसयूवी को भी बिक्री में कड़ी टक्कर दे रही है। इस शानदार 7 सीटर कार की हर महीने हजारों यूनिट बिकती है और जो लोग बड़ी फैमिली कार चाहते हैं, उनकी तो अर्टिगा फेवरेट है। खास बात यह है कि यह सीएनजी ऑप्शन में भी है, जिससे कि यह आपके पैसे बचाने में भी कारगर है और अच्छी माइलेज भी देती है। आप भी अगर इन दिनों मारुति सुजुकी अर्टिगा 7 सीटर एमपीवी खरीदने का मन बना रहे हैं तो आज हम आपको इसके सभी वेरिएंट्स की कीमत और खासियत बताने जा रहे हैं। फिलहाल आपको मारुति अर्टिगा के बारे में बताएं तो इस एमपीवी को एलएक्सआई, वीएक्सआई, झेडएक्सआई और झेडएक्सआई+ जैसे 4 ट्रिम लेवल के 7 वेरिएंट्स में पेश किया गया है, जो कि पेट्रोल के साथ ही सीएनजी ऑप्शन में है। इसकी ऑन-रोड प्राइस 9.06 लाख रुपये से लेकर 12.47 लाख रुपये तक है। मारुति अर्टिगा में 1462 सीसी तक का इंजन लगा है, जो कि 103 बीएचपी तक की पावर जेनरेट करता है। अर्टिगा मैनुअल और ऑटोमैटिक, दोनों तरह के ट्रांसमिशन ऑप्शन में उपलब्ध है।मारुति सुजुकी अर्टिगा के सभी वेरिएंट्स और उनकी ऑन-रोड कीमत की बात करें तो बेस मॉडल मारुति अर्टिगा एलएक्सआई मैनूअल पेट्रोल वेरिएंट की ऑन-रोड प्राइस 9.06 लाख रुपये है। इसकी माइलेज 19.01 केएमपीएल तक की है।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 में से पांच कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 85,712.56 करोड़ बढ़ा

**नई दिल्ली ।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख ~10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में 85,712.56 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 36,694.59 करोड़ रुपए बढ़कर 14,03,716.02 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,014.47 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 16,39,872.16 करोड़ रुपए रहा। हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 12,781.78 करोड़ रुपए बढ़कर 5,43,225.5 करोड़ रुपए पहुंच गई। इसके अलावा एचडीएफसी ने सप्ताह के दौरान 2,703.68 करोड़ रुपए जोड़े और उसका बाजार पूंजीकरण 4,42,162.93 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 1,518.04 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 4,24,456.6 करोड़ रुपए रहा। वहीं दूसरी ओर समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 3,399.6 करोड़ रुपए घटकर 8,38,529.6 करोड़ रुपए और इन्फोसिस की 5,845.84 करोड़ रुपए के नुकसान से 7,17,944.43 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन 28,779.7 करोड़ रुपए टूटकर 5,20,654.76 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 12,360.59 करोड़ रुपए के नुकसान से 4,60,019.1 करोड़ रुपए पर आ गया। भारती एयरटेल के बाजार मूल्यांकन में 961.11 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 3,91,416.78 करोड़ रुपए रहा। दस प्रमख कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमश- टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

## इस सप्ताह भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा

**मुंबई ।** बीते सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय भू-राजनैतिक परिस्थितियों के दबाव की वजह से आधे प्रतिशत तक गिरे शेयर बाजार में रूस-यूक्रेन तनाव कम होने के कोई संकेत नहीं दिखाई दे रहे हैं, जिससे इस सप्ताह भी शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.95 अंक गिरकर सप्ताहांत पर 57832.97 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 98.45 अंक फिसलकर 17276.30 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों पर भी बिकवाली का दबाव रहा, जिससे सप्ताहांत पर बीएसई का मिडकैप 478.97 अकं टूटकर 23771.95 अंक और स्मॉलकैप 943.52 अंक लुढ़ककर 27748.30 अंक पर आ गया। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अत्यधिक अस्थिर सप्ताह के बाद बाजार में मामूली गिरावट देखी गई। इस सप्ताह भी अस्थिरता जारी रह सकती है क्योंकि रूस-यूक्रेन गतिरोध कम होने पर कोई स्पष्ट तस्वीर नहीं है और बाजार इस संबंध में प्रत्येक 15 मिनट में आने वाले समाचार पर प्रतिक्रिया कर रहा है।

# मलाइका के बेटे के लुक्स की दीवानी हुई अमृता अरोड़ा



मलाइका अरोड़ा अपनी बहन अमृता के साथ बहुत स्ट्रांग बॉन्ड शेयर करती हैं। दोनों को अकसर अपने गर्ल्स गैंग के साथ हैंगआउट करते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं दोनों के बच्चे भी मांसियों के साथ काफी क्लोज हैं। अमृता ने अपने भांजे अरहान खान की एक फोटो शेयर करते हुए बहुत प्यारा सा मैसेज लिखा है। सोशल मीडिया पर अमृता की ये फोटो तेजी से वायरल हो रही है। अमृता ने अरहान खान की फोटो अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर करते हुए लिखा कि ये लड़का, अरहान तुम मेरे जीवन के पसंदीदा आदमी हो। अरहान एक्टर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे हैं। अरहान भी अपनी मौसी अमृता के साथ काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं।

मलाइका अरोड़ा अपनी बहन अमृता के साथ बहुत स्ट्रांग बॉन्ड शेयर करती हैं। दोनों को अकसर अपने गर्ल्स गैंग के साथ हैंगआउट करते देखा जा सकता है। इतना ही नहीं दोनों के बच्चे भी मांसियों के साथ काफी क्लोज हैं। अमृता ने अपने भांजे अरहान खान की एक फोटो शेयर करते हुए बहुत प्यारा सा मैसेज लिखा है। सोशल मीडिया पर अमृता की ये फोटो तेजी से वायरल हो रही है। अमृता ने अरहान खान की फोटो अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर शेयर करते हुए लिखा कि ये लड़का, अरहान तुम मेरे जीवन के पसंदीदा आदमी हो। अरहान एक्टर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा के बेटे हैं। अरहान भी अपनी मौसी अमृता के साथ काफी अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। गौरतलब है कि अरहान खान कुछ दिन पहले मां मलाइका और फैमिली के साथ अपने नानी के घर डिनर पर गए थे। इस फैमिली डिनर में एक्टर अर्जुन कपूर भी शामिल हुए थे। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान का तलाक 2017 में हो चुका है और दोनों ने अपनी 19 साल शादी को खत्म कर दिया। उसके बाद से अरहान अपनी मां मलाइका के साथ रह रहे हैं। अपने पैरेंट्स के तलाक पर अरहान खान क्या सोचते हैं इस बारे में बात करते हुए एक्टर अरबाज खान ने कहा था कि हम एक बच्चे को कई बार समझ नहीं पाते। अरहान उस वक्त 12 साल का था लेकिन उसे परिस्थितियों का समझ थी। उसे समझ थी कि हम दोनों के बीच क्या हो रहा है। उसे बैठकर कभी समझाने की जरूरत नहीं पड़ी। उन्होंने बताया कि पेरेंट्स होने के नाते हमारे लिए ये काफी मुश्किल फैसला था, लेकिन हम उस मुकाम पर खड़े थे।

## जाह्नवी कपूर के बाद खुशी कपूर भी जल्द करेंगी बॉलीवुड में डेब्यू

बॉलीवुड की मशहूर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी जाह्नवी कपूर ने अपने अभिनय करियर की शुरूआत कर ली हैं और वो एक के बाद एक फिल्मों में काम कर रही है। जाह्नवी कपूर फिल्मों में अपने अभिनय और किरदार से लोगों का दिल जीत रही है। अब



लगता है कि जल्द ही बोनी कपूर और श्रीदेवी की दूसरी बेटी खुशी कपूर भी बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरूआत करने वाली है। जी हां आपकी जानकारी के लिए बता दें कि खुशी कपूर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर चर्चा आज से नहीं काफी समय से हो रही है। लेकिन वो अपनी पढ़ाई पूरी कर रही थी। लेकिन अब खुशी कपूर को लेकर जो खबर सामने आई है उसको सुनने के बाद खुशी को सिल्वर स्क्रीन पर देखने की चाह रखने वाले खुश हो जाएंगे। खुशी कपूर ने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है। बता दें कि खुशी कपूर सिनेमा की पढ़ाई कर रही थी जिसका कोर्स अब पूरा हो चुका है। पढ़ाई पूरी होने के बाद खुशी कपूर के बॉलीवुड डेब्यू की चर्चा तेज हो गई है। रिपोर्ट के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि खुशी कपूर लॉस एंजिल्स में अपनी सिनेमा की पढ़ाई को पूरा करके भारत वापस आ गई है। अब इस पर खुशी कपूर के पिता बोनी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। बोनी कपूर ने कहा कि, खुशी लॉकडाउन से पहले सिनेमा का एक कोर्स पूरा करके आ गई थी। अब वो फिर लॉस एंजिल्स चली गई है एक और सिनेमा कोर्स करने के लिए। उन्होंने कहा कि वो वापस आ जाए फिर अपना करियर शुरू करने के लिए वो तैयार हो जाएगी। बोनी कपूर की इस बात से साफ जाहिर है कि जैसे ही खुशी की पढ़ाई पूरी होगी वो बॉलीवुड में अपना करियर बनाएगी।

## ईशा देओल लाइट, कैमरा और एक्शन के लिए फिर से तैयार

अभिनेत्री ईशा देओल तख्तानी एक बार फिर कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हैं। दो बच्चों की मां ईशा ने घोषणा की है कि वह लाइट,



कैमरा और एक्शन के लिए तैयार हैं। ईशा ने कहा, भगवान की कृपा से मुझे अच्छे काम के प्रस्ताव मिल रहे हैं और मैं फिर से कैमरे का सामना करने के लिए तैयार हूं! साथ ही फिट रहना मेरे लिए हमेशा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए मैंने अपना वजन कम कर लिया है। उन्होंने कहा, मैं कई स्क्रिप्ट्स पढ़ रही हूं। मैंने पहले से ही एक प्रोजेक्ट में काम करना शुरू कर दिया है और फिलहाल मैं अपने अगले काम में व्यस्त हूं, जो इस साल के मध्य तक शुरू हो जाएगा और मैं वास्तव में इसे लेकर उत्साहित हूं। ईशा ने हाल ही में एक हिंदी फिल्म की शूटिंग पूरी की है और इसकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

# रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में हुई दीपिका पादुकोण की एंट्री




बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री दीपिका पादुकोण आने वाले दिनों में एक के बाद एक कई फिल्मों से धमाका करने वाली हैं। दीपिका पादुकोण इन दिनों अपनी फिल्मों की शूटिंग कर रही है। अब इसी बीच दीपिका पादुकोण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं जिसको जानने के बाद उनके फैंस भी खुशी से झूम उठेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीपिका पादुकोण जल्द ही अपने पति अभिनेता रणवीर सिंह की अगली फिल्म में एक अहम भूमिका में नजर आने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में स्पेशल डांस नंबर पेश करने वाली है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों अपनी फिल्म सर्कस की शूटिंग कर रहे हैं। अब खबरों में ऐसा कहा जा रहा है कि रोहित शेट्टी के निर्देशन में बन रही फिल्म में दीपिका पादुकोण का एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आने वाली है। सिर्फ इतना ही नहीं खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि दीपिका पादुकोण ने फिल्म सर्कस के इस गाने की शूटिंग भी पूरी कर ली है। इन दिनों फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। अगर हम बात करें फिल्म सर्कस की तो वो इसमे रणवीर सिंह के अलावा जैकलीन फर्नांडिस और पूजा हेगड़े अहम रोल में नजर आने वाली है। दोनों की कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस में स्पेशल डांस नंबर के अलावा दीपिका पादुकोण अभिनेता के साि उनकी अगली फिल्म 83 में भी नजर आने वाली है। फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया है। जो इससे पहले बॉलीवुड की कई फिल्मों का निर्देशन कर चुके है। फिल्म 83 की कहानी साल 1983 में हुए क्रिकेट विश्व कप में भारत की पहली जीत पर आधारित है। जिसमे रणवीर सिंह कपिल देव का किरदार निभाएंगे वहीं दीपिका उनकी पत्नी के रोल में होंगी।

# कैंसर से लेकर आयरन की कमी को दूर करने में बेहद फायदेमंद हैं शिमला मिर्च, जानें अन्य कमाल के फायदे

जब खाने के स्वाद में शिमला मिर्च का तड़का लग जाता है तब खाने का जायका कई गुना तक बढ़ जाता है। चाइनीज़ डिश हो या फिर तिब्बती मोमोज़ सबका स्वाद बढ़ाने वाली शिमला मिर्च, गहरे हरे रंग की आकर्षण शिमला मिर्च सिर्फ दिखने और स्वाद में ही मजेदार नहीं है, बल्कि इसके सेहत लाभ भी कमाल के हैं। अगर आपको नहीं पता, तो जरूर जानना चाहिए शिमला मिर्च के कुछ ऐसे फायदे भी हैं जो आप नहीं जानते होंगे।

### शिमला मिर्च के फायदे

शिमला मिर्च एक ऐसी सब्जी है, जिसका सेवन कई रूपों में किया जाता है। लाल, पीली और हरी शिमला मिर्च न सिर्फ आपके व्यजंन को कलरफुल बनाती है बल्कि खाने के स्वाद को भी बढ़ाती है। इसका सेवन आपको लंबे समय तक चुस्त व तंदुरूस्त बनाए रख सकता है। आइए आपको बताते हैं शिमला मिर्च के कुछ अलग फायदों के बारे में – ताजी हरी शिमला मिर्च में विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, कैरोटीनॉइड्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए कई तरह से फायदेमंद है। शिमला मिर्च में मौजूद अल्कालॉइड्स एंटी-इंफलेमेटरी, एनलजेस्टिक व एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है।

### आयरन की कमी दूर

अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसका सेवन बेहद फायदेमंद है। दरअसल, शरीर में आयरन के अवशोषण के विटामिन सी की आवश्यकता होती है और शिमला मिर्च मे विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। इसलिए जब आप इसका सेवन करते हैं तो विटामिन सी आयरन को अवशोषित



करके आपको एनीमिक होने से बचाता है।

### दिल को स्वस्थ

शिमला मिर्च में पाया जाने वाले फलेवेनॉइड्स कई तरह ही हृदय समस्याओं को दूर करता है। और शिमला मिर्च पूरे शरीर में ऑक्सीजन की सप्लाई बेहतर तरीके से करता है, जिसके कारण आपके दिल में रक्त का थक्का जमने या हार्ट पंपिंग में किसी तरह की परेशानी नहीं आती है ।

### कैंसर

शिमला मिर्च में एंटी ऑक्सीडेंट, एंटीइंफ्लेमेटरी तत्व एवं सल्फर, कैरोटीनॉइड लाइकोपीन की मात्रा भी भरपूर होती है, जिसके कारण यह कैंसर जैसी बीमारी से बचने में भी लाभकारी है।

### इम्युनिटी बढ़ाए

शिमला मिर्च में विटामिन सी पर्याप्त मात्रा में होता है। यह विटामिन सी इम्युन सिस्टम को बूस्ट अप करने का काम करता है। इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के साथ-साथ यह डैमेज ब्रेन टिश्यू को रिपेयर करने, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने, अस्थमा व कैंसर जैसी बीमारियों से भी राहत पहुंचाता है।

### वजन घटाए


शिमला मिर्च अतिरिक्त वजन को कम करने में मददगार है।दरअसल, शिमला मिर्च में बेहद कम कैलोरी होती है, जिसके कारण इसका सेवन करने से वजन बढ़ने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है।शिमला मिर्च अतिरिक्त वजन को कम करने में मददगार साबित होता है।

# तनुश्री का ट्रांसफॉर्मेशन लुक वायरल शॉर्ट ड्रेस में दिखा बोल्ड अवतार



बॉलीवुड एक्ट्रेस तनुश्री दत्ता का हाल ही में एक नया वीडियो सामने आया है। जिसमें वह काफी बोल्ड लुक में नजर आ रही है। दरअसल तनुश्री दत्ता एक मीटिंग के लिए अंधेरी में नजर आई। इस दौरान वह एकदम स्लिम फिट नजर आई। वीडियो में तनुश्री का ट्रांसफॉर्मेशन लुक देखकर आपको उनकी डेब्यू फिल्म आशिक बनाया आपने की याद आ जाएगी। गौरतलब है कि तनुश्री ने पहली फिल्म में ही अपनी बोल्डनेस और खूबसूरती से बहुत वाहवाही लूटी थी, लेकिन बीते सालों में वह इतनी बदल गई थीं कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो गया था। तनुश्री का 15 किलो वजन बढ़ गया था। अपना वजन कम करने के लिए तनुश्री ने काफी मेहनत की है। इस वीडियो में तनुश्री ब्लैक ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। उनके चेहरे की खुशी को देखकर लग रहा है कि पहले जैसी अपनी टोन्ड कर्वी बॉडी पाकर वह बेहद खुश हैं। वीडियो में तनुश्री पहले जैसी दिखने लगी हैं। तनुश्री ट्रांसफॉर्मेशन का लुक देखकर लोगों का कहना है कि वह जल्द ही बॉलीवुड में वापसी करने लिए तैयार हैं। बता दें कि एक्ट्रेस ने साल 2005 में फिल्म आशिक बनाया आपने से फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू किया था। वह चॉकलेट, रकीब, ढोल जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन फिर एक दिन अचानक उन्होंने इंडस्ट्री को अलविदा कह दिया और फिल्मी पर्दे से गायब हो गईं।

# व्रत रखना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है, ये 10 फायदे चौंका देंगे आपको!



व्रत रखने को आमतौर पर श्रद्धा और भक्ति से ही जोड़कर देखा जाता है। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो ये सोचकर व्रत रखते हैं कि इसी बहाने उनका वजन कम हो जाएगा लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि व्रत करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है.....

1. व्रत रखने के दौरान फैट बर्निंग प्रोसेस तेज हो जाता है। जिससे चर्बी तेजी से गलना शुरू हो जाती है।
2. फैट सेल्स लैप्टिन नाम का हॉर्मोन स्त्रावित करती हैं। व्रत के दौरान कम कैलोरी मिलने से लैप्टिन की सक्रियता पर असर पड़ता है और वजन कम होता है।
3. व्रत के दौरान कुछ आवश्यक पोषक तत्वों को लेना जरूरी है वरना व्रत करना आपके लिए तकलीफदेह हो सकता है। व्रत के बाद आप जब भी कुछ खाएं, कोशिश करें कि वो पौष्टिक हो न कि फैट से भरा हुआ। वरना वजन घटने के बजाय बढ़ जाएगा।
4. व्रत करने से नई रोग प्रतिरोधक कोशिकाओं के बनने में मदद होती है। यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया के विशेषज्ञों की मानें तो कैंसर के मरीजों के लिए व्रत रखना बहुत फायदेमंद होता है। खासतौर पर उन मरीजों के लिए जो कीमोथेरेपी ले रहे हैं।
5. जरूरी नहीं है कि जब कोई धार्मिक मौका हो तो ही आप व्रत करें। शरीर की अंदरुनी गंदगी को साफ करने और पाचन क्रिया को बेहतर बनाने के लिए आप कभी भी सुविधानुसार व्रत कर सकते हैं।
6. कई अध्ययनों में ये पाया गया है कि कुछ समय के लिए व्रत रखने से मेटाबॉलिक रेट में 3 से 14 फीसदी तक बढोत्तरी होती है। अगर वाकई ऐसा ही है तो इससे पाचन क्रिया और कैलोरी बर्न होने में कम वक्त लगेगा।
7. व्रत करने से दिमाग भी स्वस्थ रहता है. व्रत करने से डिप्रेशन और मस्तिष्क से जुड़ी कई समस्याओं में फायदा होता है।
8. व्रत करने के दौरान आपको इस बात का भी अंदाजा हो जाता है कि आपका खानपान कितना गलत है।
9. आज के समय में तनाव एक बहुत बड़ी मेडिकल प्रॉब्लम है. व्रत करने से तनाव में कमी आती है।
10. व्रत करने से शरीर के भीतर मौजूद विषाक्त पदार्थ साफ हो जाते हैं। इसके साथ ही पाचन क्रिया भी पहले से बेहतर हो जाती है।

## 'सत्यमेव जयते 2' में डबल रोल नज़र आ सकते है जॉन अब्राहम



बॉलीवुड फिल्मो को लेकर काफी चर्चा सामने आती ही रहती है। इन दोनों बॉलीवुड की कई फिल्मे जल्द ही रिलीज होने वाली है। वही बॉलीवुड के एक्शन हीरो में से एक जॉन अब्राहम अपनी फिल्मो को लेकर काफी चर्चा में है। जॉन इन दिनों कई बड़ी फिल्मो में व्यस्त है। जल्द ही जॉन की फिल्म मुंबई सागा सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। वही पिछले कुछ वक्त से जॉन अपनी फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' को लेकर काफी चर्चा में है इस फिल्म को 13 मई को ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इसी बिच अब इस फिल्म का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जिसके बाद से इस फिल्म को लेकर और भी ज्यादा बज गया है। वही इस फिल्म का नया पोस्टर कई बड़े सवाल खड़े कर रहा है। इस नए पोस्टर में 2 जॉन अब्राहम नज़र आ रहे है। जो काफी जबरदस्त लग रहे है। वही दोनों जॉन एक दूसरे से सामना करते हुए नज़र आ रहे है। अब देखना होगा की इस फिल्म में क्या कुछ देखने को मिलता है। इस पोस्टर से साफ़ नज़र आ रहा है की इस फिल्म में जॉन डबल रोल में आने वाले है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए जॉन ने लिखा ङ्क इस ईद के मौके पर सत्य वर्से जय लड़ेंगे इस साल। वही इस फिल्म का सामना सलमान खान की फिल्म राधे के साथ होने वाला है। सलमान खान की राधे को लेकर भी काफी जबरदस्त बज बना हुआ है। आप उस जॉन की इस फिल्म को लेकर कितने उत्साहित है निचे कमेंट कर के जरूर बताए।

# जिला अस्पताल में करोडों रूपये खर्च होने के बावजूद विकास के नाम पर सिर्फ अंधेरा




## प्रति वर्ष आता है करोड़ों रुपए का बजट, फिर भी छाया है अव्यवस्थाओं का आलम

मुरैना। जिले में स्वास्थ्य अधिकारी एवं चिकित्सकों की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य व्यवस्थाएं लडखडा रही हैं। आम जनता को मुफ्त उपचार एवं दवाइयां तथा सभी प्रकार की जांचें कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रतिवर्ष जिला चिकित्सालय को करोडों रूपये का बजट दिया जाता है फिर भी यहां स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त पड़ी हुई हैं। इतना ही नहीं जिला अस्पताल में कई वार्ड तो ऐसे हैं कि जहां टूटी पलंग, फटे गद्दे व फटी चादरें देखने को मिलती हैं। सर्दी से बचने के लिए मरीजों के ओढने तक के कंबल नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि जब हर साल जिला चिकित्सालय को करोडों रूपये का बजट मिलता है, तो फिर विकास के नाम पर यहां अंधेरा क्यों छाया है।

जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड की स्थिति अगर देखी जाए तो इसकी एक साधारण वार्ड जैसी स्थिति बनी हुई है, यहां रखे हुए उपकरण तक गायब हो चुके हैं, जबकि मात्र आईसीयू वार्ड के लिए लाखों रूपये का बजट आता है, लेकिन ऐसी स्थिति देखते हुए यह समझ आ रहा है कि संबधित अधिकारी सारा बजट डकार जाते हैं। गरीब मरीजों को मिलने वाली सुख-सुविधाओं को जिला अस्पताल के प्रबधंन के द्वारा सांठगांठ से आईसीयू वार्ड में खर्च न करते हुए उसे अपनी जेबों में भर लिया जाता है। गौरतलब है कि लंबे समय से अव्यवस्थाओं का केंद्र बिंदु बना हुआ है समय-समय पर तत्कालीन कलेक्टरों एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए हैं, परंतु अस्पताल प्रबंधन के कारणों पर जू तक नहीं रेंगती, जिस कारण आज भी जिला अस्पताल में अवस्थाएं व्याप्त है।

### निरीक्षण के समय ही नजर आते हैं उपकरण

जानकारी के लिए बतादें कि जिला अस्पताल में अगर कोई जांच की टीम बाहर से निरीक्षण करने के लिए आती है, तो संबंधित अधिकारी वार्डों में नए-नए उपकरण दिखाकर उनकी आंखों को चकाचौंध कर देते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद जब उन उपकरणों पर नजर डाली जाए तो एक सामान भी नजर नहीं आता। गरीब मरीजों को मिलने वाली सुख-सुविधाओं पर जिला अस्पताल के प्रबंधन के द्वारा रोक लगा दी गई है।

## राज्य-स्तरीय रोजगार मेला 25 फरवरी को

**मुख्यमंत्री श्री चौहान होंगे मुख्य अतिथि**
**कार्यक्रम का होगा सीधा प्रसारण**

मुरैना /मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 25 फरवरी को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राज्य-स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा। उद्योग आयुक्त और एमएसएमई विभाग के सचिव श्री पी नरहरि ने बताया कि प्रदेशव्यापी रोजगार दिवस कार्यक्रम के अन्तर्गत यह राज्य-स्तरीय रोजगार मेला भोपाल में किया जा रहा है। श्री नरहरि ने बताया कि इस दिन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण न्यूज चैनल्स एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉम के माध्यम से किया जायेगा।प्रसारण को जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी दिखाने की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन द्वारा की जायेगी। साथ ही उक्त दिवस को सभी जिलों में रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिला मुख्यालय में किया जाएगा, जिसमें विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के अधिकतम 100 लाभान्वित हितग्राहियों को आमांत्रित कर स्वीकृति वितरण पत्र जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से सांकेतिक रूप से दिलवाये जायेंगे। शेष अन्य हितग्राहियों को संबंधित बैंक, विभाग 25 फरवरी को स्वीकृति, वितरण की कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। जिलों में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में निर्धारित कर आयोजन सम्पादित किया जायेगा। कार्यक्रम में संबंधित विभागों एवं बैंकों की भागीदारी होगी तथा जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। मुख्यमंत्री जी द्वारा 04 जिलों- झाबुआ, सीधी, भिन्ड एवं बैतूल के कुछ हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद किया जायेगा, जिसके लिये जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्था की जायेगी। आयोजन में कोविड की गाईडलाईन का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा।

## निर्माण एजेन्सियों से काटी गई खनिज रॉयल्टी खनिज शाखा में चालान से जमा करायें - कलेक्टर

मुरैना / वित्तीय वर्ष 2021-22 समाप्ति की ओर है। शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की जाना है। इसे दृष्टिगत रखते हुये विभागों, उपक्रमों, निकायों के अन्तर्गत कराये जा रहे शासकीय निर्माण कार्यो में खनिज की रॉयल्टी कार्यरत निर्माण एजेन्सियों के देयकों से काटी गई राशि 0853 शीर्षक में जमा कर चालान की प्रति अथवा चेक कलेक्टर खनिज शाखा मुरैना में जमा कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री बी.कार्तिकेयन ने निर्माण संबंधी विभागों को पत्र भेजकर सूचित किया है कि काटी गई राशि पूर्व खाता क्रमांक आईएफएससी कोड एसबीआईएन006159 खाता क्रमांक 35562351653 भारतीय स्टेट बैंक शाखा के नाम जमा करावें।

# शादी के उपरांत वर-वधू ने किया पौधरोपण, पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

**अजय जैन, अंबाह।**

पर्यावरण संकट से वाकिफ तो सभी हैं लेकिन इसे बचाने के लिए पहल कोई-कोई ही करता है। इलाके के चांद का पुरा गांव की एक बेटी ने अपनी शादी के बाद ससुराल जाने से पहले पौध रोपण कर समाज को बड़ा संदेश दिया हैं इस मौके वर-वधू ने कहा कि पहले उन्होंने आपस में नाता जोड़ा, फिर पौधरोपण कर पर्यावरण से नाता जोड़ लिया है आखिर, पौधे हैं तभी तक हम सब का जीवन है। वर-वधू ने बताया कि उनका पारंपरिक कार्य कृषि है इसी के चलते उन्हें पौधरोपण करने की प्रेरणा मिली जानकारी के मुताबिक तरेनी गांव निवासी अनूप करण पुत्र राम निवास करण की शादी अंबाह के समीपवर्ती गांव चांद का पुरा के विमल कुमार की लड़की अंजलि के साथ तय हुआ थीं 18 फरवरी को शादी की रस्म निभाने के बाद 19 फरवरी को विदाई के समय वर और कन्या ने जो किया वह समाज के हर व्यक्ति को नसीहत देने वाला है 19 फरवरी शनिवार को विदा के उपरांत जिंदगी के इस अहम वक्त में दोनों ने जग्गा रोड पर स्थित कमल विहार धर्मशाला में बरगद के पौधों का रोपण किया और सौभाग्य का आशीर्वाद देने वालों से पौधों की रक्षा का आशीर्वाद भी मांगा इस मौके पर दोनों ने कहा कि वह शादी की हर वर्षगांठ पर पौधरोपण करेंगे मौके पर मौजूद ल?की के पिता विमल कुमार ने बताया कि अंजलि और अनूप दोनों ने पहले शादी की रस्म पूरी की उसके बाद आज सुबह पौधरोपण करने की मंशा जाहिर की हालांकि लोगों को यह थोड़ा अजीब लगा और कहा कि बाद में लगा लेना बहुत वक्त है पर वर कन्या इससे राजी नहीं हुए और बोले कि जब पेड़ पौधे ही नहीं रहेंगे तो हमें जिंदा रहने को ना ऑक्सीजन मिलेगी ना बारिश होगी इसके उपरांत सभी लोगों ने वर-वधू की यह ख्वाहिश पूरी करवाई वर कन्या ने पौधरोपण के बाद संकल्प लिया कि वह शादी की प्रत्येक वर्षगांठ पर स्वयं पौधरोपण करेंगे इसके साथ ही अन्य लोगों को भी इसके लिये प्रेरित करेंगे इस मौके पर मौजूद लोगों ने कहा कि अगर ऐसा सब लोग सोचने लगे तो वह दिन दूर नहीं जब जंगलों का कटना रुक जाएगा और पर्यावरण शुद्ध हो जाएगा वर और वधु ने इस मौके पर मिलकर 5 पौधों का रोपण किया इसके साथ ही मौजूद लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने जीवन में विशेष मौके पर ऑक्सीजन दायक एवं फलदार पौधे सभी अवश्य लगाएं जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को फल छाया और ऑक्सीजन मिल सके वधू अंजली का कहना था कि हर वर्ष लाखों शादियां होती हैं यदि सारे जोड़े विवाह के बाद पौधरोपण करें तो सभी इलाके हरे भरे होंगे और इसके लिए अलग से किसी योजना की जरूरत नहीं पड़ेगी



# जनकल्याण की भावना के लिए किया गया 64 रिद्धि सिद्धि विधान



अम्बाह। दिगंबर जैन मंदिर परे? चौराहा में चल रहे धार्मिक आयोजन के दौरान नित्य नियम पूजन, अभिषेक के साथ साथ रविवार को चौसठ रिद्धि सिद्धि-विधान भी संपन्न हुआ, जिसमें 64 इंद्र-इंद्राणी ने विधि-विधान से पूजन किया । कार्यक्रम में ब?ी संख्या में जैन मतावलंबी मौजूद रहे।इस मौके पर आर्षमती माता जी ने कहा कि कर्म ही सबसे ब?ी पूजा है। स्वच्छ मन, ईमानदारी के साथ समय से किया गया कार्य हमेशा फलदायी होता है, इसलिए फल की चिंता किए बिना सभी को सत्कर्म करना चाहिए। माता जी ने कहा कि यह संसार क्षण-भंगुर है भगवान संभवनाथ ने बाल्यकाल, युवावस्था और संसारिक भोगों का स्वाद लिया, लेकिन एक दिन हवा के झोंके से मेघों को गगन में विलीन होता देख उन्हें जीवन के समस्त भोगों की क्षण-भंगुरता का अनुभव हुआ और संसार से वैराग्य हो गया। साध्वी आर्षमती जी जैन धर्म की महत्ता का वर्णन किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने भगवान पारसनाथ की महा आरती की और विश्व शांति के णमोकार महामंत्र का जाप किया।

# विधायक के प्रयास से अंडर ब्रिज पर आवागमन पुनः आरम्भ

मुरैना। काफी समय से रेलवे द्वारा अंडर ब्रिज बंद किए जाने के चलते फाटक बाहर रहने वाले लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही थी और ओवरब्रिज से लंबा रूट तय कर शहर में आना पड़ रहा था, इस मामले में आम जनता द्वारा स्थानीय विधायक से अपील की गई, जिस पर विधायक ने प्रयास करते हुए रविवार को इसे पुनः आरंभ करा दिया, जिससे अब जनता ने राहत की सांस ली है।

महादेव नाका स्थित अंडर ब्रिज को नगर निगम द्वारा 15 दिन पहले बंद किया गया था। जिसको लेकर फाटक बाहर, रामनगर, सुभाष नगर, उत्तम पुरा के व्यापारी एवं आमजन मुरैना विधायक राकेश मावई से मिले और उन्होंने कहा कि रामनगर, उत्तम पुरा, सुभाष नगर जाने के लिए एक मात्र रास्ता है, जिसे बंद कर दिया गया है, जिससे हमें अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय की गंभीरता को लेते हुए मुरैना के विधायक राकेश मावई ने तुरंत ही मुरैना कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को अवगत कराकर अंडरब्रिज को खोलने की मांग की। प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से देखते हुए 20 फरवरी को प्रातः 11 बजे अण्डर ब्रिज को पुनः खोलने का आदेश जारी किया गया। इसको लेकर आमजन एवं व्यापारियों ने मुरैना विधायक राकेश मावई का धन्यवाद व्यक्त किया है।




# गोवर्धन प्लांट से शहर के गीले कचरे से बायो सीएनजी बनाने के लिए शहरवासियों को मिलेगी राहत - गुप्ता



पोरसा। भारत सरकार के द्वारा आज रेस्ट हाउस पोरसा पर गोवर्धन प्लांट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा लाइव वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से लोकार्पण किया गया इस बायो सीएनजी गोवर्धन प्लांट से इंदौर वासियों को देश के लोगों को राहत मिलेगी और प्रदूषण रहित शहर बनेगा प्रतिदिन 550 टन गीले कचरे का प्रसंस्करण प्रतिवर्ष 1300000 कार्बन उत्सर्जन में कमी किसानों को प्रतिदिन 100 टन जैविक खाद की उपलब्धता प्रति वर्ष 2.50 करोड़ की अतिरिक्त आय प्रतिदिन 17.18 टन सीएनजी का उत्पादन नागरिकों की सुविधा हेतु 400 सिटी बसों के लिए ईंधन की सुनिश्चिता होगी लाइव लोकार्पण कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता आनंद सिंह तोमर मोहर सिंह तोमर मुन्ना सिंह तोमर दिलदार सिंह तोमर मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमजद गनी सब इंजीनियर संजय वर्मा अरविंद्र तोमर शिवराज तोमर वीरू तोमर राघवेंद्र कटारे संदीप उपाध्याय कमल जाटव संतोष उपाध्याय नत्तीलाल राठौर राकेश उपाध्याय जसराम गुप्ता डॉक्टर अनिल गुप्ता राजेश वर्मा पृथ्वी सिंह तोमर आदि कार्यकर्ता उपस्तित रहे।

# मुरैना को स्वच्छ रखने के लिये आओ मिलकर करें श्रमदानः निगम कमिश्नर

## एनजीओ, समाजसेवी, व्यापारियों, निगम के कर्मचारियों ने किया श्रमदान

मुरैना। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के लिये विभिन्न एनजीओ, समाजसेवी, व्यापारियों और नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने श्रमदान करते हुये कहा कि ''मुरैना को स्वच्छ रखने के लिये आओ हम सब मिल्कर करें श्रमदान''। यह कार्यक्रम नगर निगम मुरैना के अन्तर्गत माल गोदाम रोड़ से प्रारंभ किया गया।

नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने कहा कि सभी लेग स्वच्छता के महत्व को समझें और श्रमदान करें। मुरैना अवश्य जीतेगा और नंबर-1 कहलायेगा। इस अवसर पर ब्राण्ड एम्बेसडर आशा सिकरवार, श्रीमती शिल्पी जैन, तेजेन्द्र खेड़ा, समाजसेवी श्रीमती भावना जैन, जीतू गांगिल, डॉ. रविन्द्र गौतम, रवि गुप्ता, व्यापारीगण सहित निगम के समस्त अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।




नगर निगम कमिश्नर संजीव कुमार जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार को इंदौर से गोबर-धन प्लांट का गूगल मीट के माध्यम से लेकार्पण किया। ठीक उसी प्रकार नगर निगम को स्वच्छ रखने के लिये मुरैना के माल गोदाम रोड़ से स्टेशन रोड़, हनुमान चौराहा, सदर बाजार होते हुये एमएस रोड़ पर सफाई अभियान चलाया और दुकानदारों से आग्रह किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 में मुरैना को स्वच्छ बनाने के लिये सहयोग प्रदान करें। सभी दुकानदार किसी भी प्रकार का कचरा दुकानों के बाहर न फैंके। अभी दुकानदारों से आग्रह किया जा रहा है, दुकानदार स्वच्छता सर्वेक्षण में सहयोग नहीं करेंगे तो उन पर फाइन भी किया जायेगा।

# आउटसोर्सिंग प्रथा बंद कर आरक्षण लागू करने सीएम के नाम दिया ज्ञापन

मुरैना। मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारियों कर्मचारी संघ अध्यक्ष के पदाधिकारियों ने आउटसोर्सिंग प्रथा बंद करने एवं आरक्षण लागू किए जाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया है।

जिला अध्यक्ष रणवीर गोयल, महासचिव एसएल सूर्यवंशी, गौतम पाटिल सहित तमाम अधिकारी कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में याद दिलाया कि 12 जून 2016 को मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा की गई थी कि नियमित नियुक्ति के अलावा संविदा एवं दूसरी सभी नियुक्तियों पर भी आरक्षण लागू रहेगा, परंतु मुख्यमंत्री की घोषणा के काफी समय बीत जाने पर भी आउटसोर्सिंग में ना तो आरक्षण समाप्त किया गया है और ना ही आरक्षण लागू हुआ है। इसके बाद अजाक्स के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की, उन्होंने आश्वासन भी दिया था कि 15 दिवस के अंदर संबंधित आदेश जारी कर दिए जाएंगे, किंतु अभी तक आदेश नहीं किए गए है। इसमें शासन के कुछ वरिष्ठ अधिकारी अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के विरुद्ध स्थिति निर्मित करने में प्रयासरत हैं, जो सीएम एवं शासन की मंशा के विपरीत है। यह स्थिति प्रदेश हित में नहीं है एवं अनुसूचित जाति जनजाति के सर्वांगीण विकास में भी बाधक है, साथ ही साथ मध्य प्रदेश को विकसित राज्य बनाने में अवरोध पैदा कर रही है।




ज्ञापन में कहा गया है कि ठेका आउटसोर्सिंग प्रथा में गरीब और आरक्षित वर्ग का शोषण हो रहा है। उदाहरण के तौर पर ठेकेदार 100 स्वीकृत सफाई कर्मियों के स्थान पर केवल 25 सफाईकर्मी लगाता है और उनको कलेक्टर रेट से बेहतर ना देकर 40त्न वेतन दिया जाता है। अधिकारी एवं कर्मचारी संघ मुख्यमंत्री को तत्काल ठेका पद्धति एवं आउटसोर्सिंग की प्रथा को बंद करने और आरक्षण अधिनियम 1994 के प्रावधानों के तहत आरक्षण का पालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।

## विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी जाए समय पर

मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष ने एक अन्य ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री से मांग की है कि विभिन्न कॉलेजों में अध्ययनरत अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति समय पर नहीं दी जा रही है और लगातार शिकायतें मिल रही हैं। विभिन्न शिक्षण संस्थानों में आरक्षित वर्ग के छात्र छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित हैं। शिक्षण संस्थानों में कुछ छात्रों को बिल्कुल भी छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही, कुछ छात्रों को 50% छात्रवृत्ति दी जाती है तो कुछ को 20 से 30 ही छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस प्रकार छात्रों को शिक्षण संस्थानों की ट्यूशन फीस इत्यादि भरने के लिए आर्थिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित होना पड़ रहा है।

# छत्तीसगढ़ राज्य में रेल सुविधा के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जल्द भेंट करेंगे: विभा अवस्थी



रायपुर– नई दिल्ली रेल भवन में पी ए सी रेल बोर्ड नई दिल्ली की बैठक में सर्वप्रथम विभा अवस्थी ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया की दो बड़े स्टेशनों का नाम दो महान विभूतिया हबीबगंज को कमलावती एवं झांसी स्टेशन को रानी लक्ष्मीबाई वीरांगनाओं के नाम से किया गया उसके लिए धन्यवाद दी आगे बोर्ड मेंबर की उपस्थिति में पी ए सी चेयरमेन श्री पी के कृष्णदास जी एवं सभी सदस्य के द्वारा बैठक आयोजित हुई। पी ए सी रेल बोर्ड रेल मंत्रालय सदस्य श्रीमती विभा अवस्थी जी द्वारा छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दे और समस्याओं को ध्यानाकर्षण कराया मीटिंग के माध्यम से कमेटी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सेक्रेटरी , डिप्टी सेक्रेटरी समक्ष मांग की गई एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विभिन्न विषय के साथ-साथ समिति के सदस्यों के माध्यम से दोनों निरीक्षण कार्यक्रम के तहत मुंबई जोन ,गोवा राज्य ,गुजरात सूरत जोन,के विभिन्न राज्यों में समिति का सदस्यों के द्वारा निरीक्षण किया गया विभिन्न मुद्दों को लेकर पहले भी ध्यान आकर्षण और मांग लिखित रूप में बोर्ड की बैठक के माध्यम से केंद्रीय मंत्री एवं बोर्ड के चेयरमैन को अवगत कराएंगे विभिन्न विभिन्न मुद्दों पर अवस्थी जी द्वारा ट्रेनों के पश्चात लोकल ट्रेन में सामान्य श्रेणी के डिब्बे और अधिक जोड़ने एवं प्रतिदिन यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुविधाओं एवं कराने के लिए बात रखी गई,सुपर एक्सप्रेस ट्रेन ,राजधानी ट्रेन ,में भोजन की व्यवस्था, कंबल, चादर,तकिया, सफाई कर्मचारी तैयारियों को लेकर सुधार की मांग एवं साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रतिदिन यात्रा करने वाले लोग अधिकांश कामकाजी लोग नागरिक आसान एवं कम लागत में यात्रा कर सके एवं बंद ट्रेनों को पुणे शुरू करने के लिए बात कहीं है । इसलिए सभी लोकल स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव की भी बात की बहुत साथ ही सारी जगह पर स्टेशन पर नहीं आरपीएफ और जीआरपीएफ के थाना स्थापित करे,जनता की सुविधा शुरू हो जाए । पूरे देश में यात्री सेवा सुविधा समिति को लेकर निरीक्षण के दौरान बहुत सारी सुविधाएं को लेकर केंद्रीय बोर्ड की मीटिंग की बैठक के माध्यम से श्री चेयरमैन साहब और सदस्य एवं सेक्रेटरी के समक्ष यह बात रखें ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मुहैया कराने में सरकार द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के छत्तीसगढ़ राज्य में महासमुंद रायपुर जोन से सबसे करीब है उसके पश्चात भी है संबलपुर जोन से जोड़ा गया है पीएसी चेयरमैन और सेक्रेटरी के समक्ष बात रखी कि महासमुंद को रायपुर से जोड़ा जाए ताकि छत्तीसगढ़ से जुड़ी सुविधाएं और रेलवे से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने में और जोड़ने पर अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। महासमुंद की दूरी रायपुर से 40 किलोमीटर है यहां से 300 किलोमीटर दूर संबलपुर में सम्मिलित किया गया हमारी मांगे महासमुंद को रायपुर से जोड़ दिया जाए। साथी छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ,सफाई कर्मचारियों को लेकर काफी अनियमितता है लोगों में सुविधाओं को लेकर बहुत खुश नहीं हैं, कि हम पैसे देते हैं मगर हमें सुविधाएं प्राप्त नहीं होती कोरोनावायरस काल से सफाई कर्मचारी अटेंडर ,गार्ड, नहीं है और सीआरपीएफ और जीआरपीएफ की सुविधा पूरे समय तक इस ट्रेन में उपलब्ध नहीं हो पाती यह भी बात चेयरमैन के माध्यम से संबंधित अधिकारी तक पहुंचा दी गई। रेलवे बोर्ड की सदस्य विभा अवस्थी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में रेल की सुविधाओं को लेकर प्रस्तावित रेल मार्गों को एवं यात्रियों को सुविधा प्राप्त हो बोर्ड समिति बैठक के माध्यम से माननीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया ।



## जनपद पंचायत नरवर में दिव्यांगजनों व वृद्धजनों का परीक्षण शिविर आयोजित

शिवपुरी- जनपद पंचायत नरवर प्रांगण में भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों एवं वृद्धजनों के उपकरण प्रदाय हेतु परीक्षण शिविर का आयोजन जनपद सीईओ श्री एन. के. पाठक के मार्गदर्शन में किया गया जिसमें मुख्य रूप से समग्र सुरक्षा अधिकारी श्री नितिन गुप्ता, गिर्द विकास युवा मण्डल ग्वालियर के संचालक श्री गजेन्द्र सिंह चौहान सहित पीसीओ, सचिव व सहायक सचिव उपस्थित रहे, शिविर में लगभग 100 से अधिक दिव्यांगजनों व वृद्धजनों का परीक्षण बाहर से आये हुए डॉक्टरों की टीम द्वारा किया गया, उक्त शिविर में आये अस्थिबाधित, श्रवणबाधित, दंतरोग आदि मरीजों को सहायक उपकरण जैसे ट्राइसिकल, कृत्रिम अंग (हाथ, पैर) कान की मशीन, नकली दाँत आदि का वितरण बाद में किया जावेगा।

## शिवपुरी से 110 किलोमीटर दूर झांसी सिटी हॉस्पिटल में भेजा गया ब्लड ab- नेगेटिव ब्लड




**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

### जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी की तरफ से सक्षम शर्मा ने किया बहुत ही अतिदुर्लभ रेयर ब्लड ग्रुप - नेगेटिव ब्लड ग्रुप छठवी बार जागीर सिंह को डोनेट किया

शिवपुरी- जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सक्षम शर्मा जिनका ब्लड ग्रुप बहुत ही रेयर ब्लड ग्रुप एबी नेगेटिव जो बहुत कम लोगों पाया जाता है शिवपुरी के मरीज जागीर सिंह जोकि आर्मी से रिटायर्ड है उनको झांसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया वहां पूरी झांसी में एबी नेगेटिव कब ब्लड कहीं नहीं मिल रहा था जागीर सिंह जी को यूरिन में से ब्लड निकलने के कारण शरीर में ब्लड की कमी हो गई जिस कारण उनको ब्लड लग रहा था और यह ब्लड ग्रुप झांसी में कहीं नहीं मिला जब जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी को खबर मिली की झांसी में एबी नेगेटिव ब्लड ग्रुप की बहुत ज्यादा जरूरत है जब मरीज जागीर सिंह जी के बालक मनजीत सिंह जी का कॉल अमित गोयल समिति के अध्यक्ष के पास आया मनजीत सिंह खुद जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य है और उनके फादर को झांसी में कहीं भी ब्लड नहीं मिल रहा था जब जय माई मानव सेवा समिति शिवपुरी को यह पूरी जानकारी मिली तब झांसी से मरीज का ब्लड सैंपल मांगकर ओर ब्लड डिमांड फॉर्म मंगाकर शिवपुरी भुलाया गया तब जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सक्षम शर्मा से बात की गई उनकी पूरी जानकारी दी गयी तो सक्षम शर्मा ने एबी नेगेटिव ब्लड डोनेट किया बहुत-बहुत धन्यवाद सक्षम शर्मा का जय माई मानव सेवा समिति की तरफ से रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान।

## दतिया में आज मध्य प्रदेश शासन के गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत सुपर संडे-2 का किया आज शुभारंभ

### साथ में रहे दतिया कलेक्टर संजय कुमार भी उपस्थित



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के तहत सुपर संडे 2 का शुभारंभ आज रविवार को मां पीतांबरा पीठ के सामने सायरन का बटन दबाकर किया। गृह मंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 27 फरवरी को रविवार के दिन सभी लोग प्रातः 10~00 बजे से आधा घंटा अपने-अपने घरों के सामने सफाई का कार्य करेंगे जिससे अन्य स्थानों को भी स्वच्छता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गों, समाजसेवी संस्थाओं, शासकीय सेवकों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं शिक्षण संस्थाओं के छात्र छात्रा आदि भी भाग लेंगे। डॉक्टर मिश्र नेकहां की 27 फरवरी को आयोजित होने वाले स्वच्छता कार्य की सीसी टीवी एवं ड्रोन कैमरे से निगरानी भी की जाएगी उन्होंने कहा कि हमें दतिया को देश में स्वच्छता के मामले में नंबर वन बनाना है। कार्यक्रम के शुरू में कलेक्टर श्री संजय कुमार ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन ने फरवरी माह को स्वच्छता माह मनाने का निर्णय लिया है जिसके तहत प्रति रविवार को सुपर क्लीन संडे का अभियान शुरू किया गया है इस अभियान के तहत सुपर क्लीन संडे दो आज रविवार को एक साथ 203 स्थानों पर लगभग 3000 लोग प्रातः 10:00 से सफाई कार्य में एक साथ जुट गए हैं जो 2 घंटे सफाई का कार्य करेंगे।

## योगी योगा क्लासेस द्वारा एक दिवसीय योग अध्यात्म सत्र का हुआ आयोजन

### विश्व प्रसिद्ध योगा गुरु डॉ.भरत ठाकुर रहे मुख्यातिथि

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे। रविवार को योगी योगा क्लासेस द्वारा एक दिवसीय योग अध्यात्म सत्र का आयोजन 20 फरवरी 2022 रविवार सुबह 7~00 बजे ग्वालियर किले पर किया गया।जिसमे विश्व प्रसिद्ध योगा गुरू डॉ भरत ठाकुर(फाउंडर ऑफ आर्टिस योगा) मुख्य अतिथि के रूप से मौजूद रहें।जिस दौरान सभी को योग अध्यात्म पर अपना उद्बोधन के साथ साथ योग अभ्यास भी कराया।जिसमे उन्होंने योग की गहराइयो को समझाया और योग को अपने जीवन में कैसे उतारे



कैसे उपयोग में लाए जीवन को कैसे अच्छा बनाएं इस सभी को समझते हुए अष्टांग योग को भी समझाया।जीवन में अंतरग और बाहरंग योग की उपयोगिता को सरल भाषा में लोगो तक पहुंचाया।साथ साथ की सूर्यनामस्कार का अभ्यास और परमुख आसनों का विवरण किया।आयोजक डॉ योगेंद्र कुशवाह योगी ने शॉल श्री फल माला पहनाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया व अपना अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन राहुल कुशवाह ने किया कार्यक्रम में श्री अमित तोमर,श्री लक्ष्मी नारायण,प्रशांत गुप्ता,सुजीत पाल,पूनम जैनगौरव यादव,पवन कुशवाह,काजल,सहित सैकड़ों योग प्रेमी उपस्थित रहे।

## वधु पक्ष ने दिया भेंट स्वरूप फूल एवं दिव्य औषधि के पौधे

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे।, संवाददाता विवेक पाण्डेय भिण्ड**

आज बसुंधरा श्रृंगार सामाजिक संगठन के नेतृत्व में शादी समारोह में अटेर तहसील स्थित ग्राम सकराया निवासी पंडित दिनेश शास्त्री भागवताचार्य के यहां भिंड अटेर रोड स्थित द्वारिका मांगलिक भवन में वर पक्ष से बरात लेकर इटावा से आए रामकुमार चतुर्वेदी को वधू पक्ष के द्वारा भेंट स्वरूप फल फूल एवं दिव्य औषधि पौधे भेंट किए गए और लोगों को संकल्प दिलाया गया कि पौधों को वृक्ष बनाएंगे और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधों का वितरण करेंगे। आपको बता दें संगठन के पदाधिकारी राघव उपाध्याय की बहन की शादी थी जिसमें संगठन के द्वारा यह निर्णय लिया गया वही संगठन के द्वारा वर आकाश और वधू दीप्ती को आम और मीठे नीम का पौधा भेंट किया गया और दोनों लोगों ने संकल्प लिया इस पौधे को यादगार के रूप में एक साथ लगाकर वृक्ष बनाएंगे वधू पक्ष से पंडित दिनेश उपाध्याय ने बताया हम सभी लोग मिलकर इस प्रकार की पहल को आगे भी अपने परिवार और रिश्तेदारों में कराएंगे क्योंकि हम सभी प्रकृति से लेना तो जानते हैं लेकिन देने का जो भाव हमारी संस्कृति में हुआ करता था। उसे भूलते जा रहे हैं शास्त्रों में एक पेड़ का महत्व मिलता है

दशकूपसमा वापी दशवापीसमो ह्रदः ।
दशहृदसमः पुत्रः दशपुत्रसमो द्रुमः

दस कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, होता है, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। इसका मुख्य तात्पर्य यह है कि एक वृक्ष दश पुत्रों के समान महत्त्वपूर्ण होता है। इसलिए हमें वृक्ष लगाने चाहिएँ, वृक्ष से न केवल लगाने वाले को अपितु किसी भी पथिक को स्वच्छ हवा, छाया और फल मिलते हैं और विवाह समारोह जैसे कार्यक्रम भी आज के परिवेश में वैदिक संस्कृतिसे अलग पाश्चात्य संस्कृति में बदलते जा रहे हैं इसलिए हम सभी को पुनः वैदिक संस्कृति की ओर लौटना होगा कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री श्री 1008 शुभेंद्र नारायण पुरी जी महाराज पत्ती वाले 1008 चामुंडा वाले महाराज जी अटेर वही वसुंधरा श्रंगार सामाजिक संगठन संरक्षक श्री आदित्य पुरी जी महाराज ने बताया वर्तमान में बढ़ते हुए पर्यावरणीय असंतुलन को देखते हुए समाज में इस प्रकार के जागरूकता के कार्यक्रम लोगों में पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करते हैं वही महाराज ने बताया हमारी वैदिक परंपरा में हर शुभ कार्य प्रकृति से जुड़ा हुआ है लेकिन आज के परिवेश में प्रकृति को छोड़कर चमक-दमक की संस्कृति में लिप्त हो रहे हैं जिसका परिणाम वर्तमान में फैली हुई महामारी से लगाया जा सकता है आज हम सभी लोग ऑक्सीजन की महत्वता को भी समझ रहे हैं और हजारों लाखों की कीमत चुका कर ऑक्सीजन की व्यवस्था कर रहे हैं लेकिन हम सब के द्वारा एक पौधा लगाकर उसको वृक्ष बनाने का संकल्प लिया जा सकता है। इस पर भी हम सबको विचार करना पड़ेगा तभी हम सभी अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते है वही वसुंधरा श्रंगार सामाजिक संगठन के अध्यक्ष हरेकृष्ण शर्मा आजाद ने बताया आज के परिवेश को देखते हुए अब हम सभी को सचेत होना पड़ेगा और अपनी जिम्मेदारी को महसूस करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी तभी ईश्वर के द्वारा स्थापित की गई। इस सुंदर प्रकृति को आगे आने वाली पीढ़ी को इसी रूप में दे पाए वही आजाद ने बताया पूरा कार्यक्रम इको फ्रेंडली रखा गया जिसमें पौधों की पॉलिथीन को छोड़कर मिट्टी के गमलों में रखकर दिया गया जिसमें आम अमरूद मीठा नीम बेल अर्जुन मोगरा रातरानी आदि 200 से अधिक पौधे उपहार में दिए गए और लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया गया।



## शिक्षा के प्रति समाज का संकल्प पूरा किया जाएगा



**सीरवी समाज ने शादी समारोह में की अनूठी मिसाइल पेश**

**शिक्षा ही स्थाई पूंजी है। भामाशाह परिवार**

पुष्पांजलि टुडे। पाली रानी पाली । शिक्षा के प्रति समाज का संकल्प को आगे बढ़ाते हुए शादी समारोह के कार्यक्रमों में भामाशाहो ने किया शिक्षा के प्रति समर्पण। सीरवी समाज में अब बेटे बेटियों के विवाह समारोह के उपलक्ष में विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं । समाज के जरूरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए खुद के पुत्र पुत्रियों की शादी के अवसर पर 3 लाख 60 हजार रूपए भेंट किए। सीरवी समाज के भामाशाह देवाराम पुत्र देवा जी राठौड़ निवासी पावा सुमेरपुर ने अपनी दो पुत्रियों सोनिया व पूनम तथा वनाराम पुत्र शोभाराम निवासी चाचोड़ी ने पुत्र भरत सोनिया एवं शैषा राम पुत्र भोलाराम परमार निवासी बिजोवा ने अपने पुत्र मुकेश पूनम की शादी के अवसर पर समाज के मेधावी व आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं की सहायतार्थ समर्पित संस्थान सीरवी किसान छात्रावास पाली को तीनों भामाशाह की तरफ से 1 लाख 53000 हजार रुपए प्रत्येक भामाशाह की ओर से ?51000 भेंट किए । इसी प्रकार प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए परीक्षार्थियों को रहने के लिए जयपुर में आवासीय व्यवस्था का संचालन करने वाली संस्था सीरवी एजूकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी जयपुर को भी आर्थिक सहयोग के रूप में तीनों भामाशाह की तरफ से ?1 लाख 53000 हजार रुपए भेट किए । सिरवी किसान छात्रावास पाली के व्यवस्थापक चौधरी रमेश करणवा को भेंट की गई राशि सौंपी गई। चाचोडी निवासी समाज सेवी वनाराम ने कहा कि सीरवी समाज का शिक्षा के प्रति संकल्प को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में कहां की एकमात्र शिक्षा ही स्थाई पूंजी हैं जो कोई नहीं छीन सकता है। शिक्षा विद व्याख्याता प्रभु राम सीरवी एवं नाथूराम सीरवी ने कहां की समाज को शिक्षा के प्रति हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए समाज के साथ-साथ भामाशाह समाजसेवी पूरा सहयोग कर रहे हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने काफिला रुकवाकर घायल को पहुंचाया अस्पताल

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़, अजय खंगार**

### टीकमगढ़ विधायक ने स्वयं घायल को अस्पताल ले जाकर कराया इलाज

टीकमगढ़। आज दोपहर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जब छतरपुर से टीकमगढ़ आ रही थी तभी उन्हें बल्देवगढ़ रोड पर गणेशपुरा तिगेला के पास एक गम्भीर रूप से घायल ब्यक्ति अचेत अवस्था मे सड़क पर दिखाई दिया। उक्त घायल ब्यक्ति को देखकर पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और अपने सुरक्षा गार्डों सहित अन्य ब्यक्तियों से घायल ब्यक्ति की मदद करने की बात कही। तभी काफिले में मौजूद टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी भी गाड़ी से उतरकर तत्काल घायल ब्यक्ति के पास पहुचे और मौके पर मौजूद पुलिस जबानों व समर्थकों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया। टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी भी अस्पताल पहुंचे और घायल ब्यक्ति का इलाज कराया। घायल ब्यक्ति का नाम भरत लोधी निवासी ग्राम कटेरा बताया जा रहा है।



### जीवन रक्षक स्वास्थ्य संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण सम्पन्न

## हमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे आने की जरूरत - शुभम भारद्वाज

**उमाकान्त शर्मा रिपोर्टर चम्बल संभाग पुष्पांजली टुडे भिण्ड।**



भिण्ड।भिण्ड जिले के मेहगांव ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम गिजुर्रा में जीवन रक्षक स्वास्थ्य संस्था द्वारा शुभम भारद्वाज के नेतृत्व में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्र के नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन मंडल मंत्री भारतीय जनता पार्टी के युवा शुभम भारद्वाज के निज निवास ग्राम गिजुर्रा के शा. विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक और स्वास्थ्य संस्था के संचालक डॉ. जयसिंह राठौर व संयोजक डॉ. लोकेन्द्र सिंह नरवरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। आयोजित शिविर में लगभग 310 मरीजों की जांच व उपचार किया गया।एवं सभी मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण भी किया गया।सभी ग्रामवासियों में खुशी की लहर दिखाई प? रही थी कि उनके गांव में शिविर का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गांव के मुख्य लोगों द्वारा बताया गया कि हमें स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे आने की बहुत जरूरत है।तथा डॉक्टर की टीम ने सभी लोगों के लिए संदेश दिया कि सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। दौ? धूप भरी दिनचर्या में सुधार लाने की आवश्यकता है। अंत में कार्यक्रम का आभार वरिष्ठ शुभम भारद्वाज के दादा जी ने किया।तथा सभी डॉक्टर की टीम तथा पत्रकार जनों का शॉल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के वरिष्ठ जन के अलावा कार्यक्रम के आयोजक शुभम भारद्वाज व डॉ.जयसिंह राठौर, डॉ. लोकेन्द्र सिंह नरवरिया, डॉ. नीरज राजौरिया, डॉ. महेश सिंह,डॉ. नेहा आर्य, डॉ. नरेंद्र सिंह,डॉ. सूर्यकांत अग्निहोत्री, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. अमित श्रीवास्तव आदि लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## ग्राम ककरबाया मैं वही धर्म की गंगा



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे शिवपुरी।** खबर शिवपुरी के ककरवाया से है जहां कथावाचक श्री वासुदेव नंदनी भार्गव के श्री मुख से ग्राम का करवाया मैं वहीं धर्म की गंगा, ककरवाया में स्थित श्री हनुमान जी महाराज मंदिर पर चल रही श्री मद भागवत कथा में पंडित वासुदेव नंदिनी भार्गव ने गोर्वधन धारण की लीला का कथा श्रवण कराते हुए रासोत्सव की लीला फिर उद्धव चरित की कथा का रसपान कराते हुए बताया की हमे लगता है गोपियों को समझाने के लिए भगवान ने उद्धव को वृंदावन भेजा। जबकि वास्तविकता ये थी की भगवान को गोपियो को नहीं उद्धव को समझाना था इसलिए भेजा। क्योंकि बच्चा स्कूल जाता है न कि स्कूल घर आता। धन्य हैं उद्धव जिन्हे भगवान ने खुद अपने निजी घर वृंदावन में बिना अपनी उपस्थिति के भेजा। एवं शायंकालीन के समय बड़ी धूमधाम से रुक्मणि विवाहोत्सव का सभी भक्त जनों ने आनंद लिया।

## भामाशाहों का किया भव्य सम्मान

भामाशाह परिवार को इस संक्रामक कार्य को करने के लिए प्रेरणा का स्त्रोत काम करने वाले समाज के शिक्षाविद स्कूल व्याख्याता प्रभु राम मुलेवा चाचोडी और सुरेश चौधरी अध्यक्ष अखिल भारतीय सीरवी युवा परिषद। सिरवी किसान छात्रावास पाली के व्यवस्थापक रमेश चौधरी करणवा ने किया। इस अवसर पर समाज बंधु रहे मौजूद शिक्षाविद नाथूराम मुलेवा चाचोडी कानाराम भबूता राम सोनाराम काग कालूराम राठौड प्रभु राम राठौड़ अमित परमार जेठाराम काग जीवाराम गहलोत जेठा राम परिहार भुरा राम परिहार. दिलीप परिहार भीकाराम कोटवाल घिसाराम गणाराम आदि सहित समाज बंधु मौजूद रहे।

## बारहवीं की परीक्षा के बदले पैटर्न से खुश हुए परीक्षार्थी

**इस बार हिंदी के पेपर में पूछे गए थे चार अंक के ही प्रश्न**

भोपाल। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा आयोजित बारहवीं की परीक्षा के बदले पैटर्न से परीक्षार्थी खुश नजर आए। इस बार शनिवार को हुए हिंदी के पेपर में चार अंक के ही प्रश्न पूछे गए। पेपर को लेकर विद्यार्थियों ने कहा कि हर साल हिंदी के पेपर में बहुत अधिक लिखना पड़ता था, लेकिन इस बार बदले पैटर्न पर पेपर आने से आसान रहा। समय पर सभी प्रश्न हल हो गए। हर साल दीर्घउत्तरीय प्रश्न अधिक शब्दों में होने के कारण अधिक लिखना पड़ता था, लेकिन इस बार चार अंक के ही प्रश्न पूछे गए थे। हर बार निबंध पूछा जाता था। इस बार निबंध के बदले अनुच्छेद 120 शब्दों में लिखना था। साथ ही 32 अंक के वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे गए थे। इस कारण पेपर आसान हो गया। विद्यार्थियों ने कहा दो साल बाद परीक्षा हुई, लेकिन पेपर अच्छा आया है। बोर्ड ने जो प्रश्न बैंक और ब्लू प्रिंट जारी किए हैं। उससे ही प्रश्न पूछे जा रहे हैं। विशेषज्ञ ने कहा कि इस बार विद्यार्थियों को 40 फीसद अंक के वस्तुनिष्ट प्रश्न पूछे जा रहे हैं, जबकि 40 फीसद अंक के सब्जेक्टिव प्रश्न और 20 अंक के तार्किक प्रश्न पूछे जा रहे हैं। विद्यार्थियों को का कहना था किपेपर अच्छा गया। सभी प्रश्न सटीक और टू द प्वाइंट पूछे गए थे। सभी प्रश्न अच्छे थे। हिंदी में निबंध के बदले अनुच्छेद पूछा गया था। इस कारण ज्यादा लिखना नहीं पड़ा। बहुत सामान्य प्रश्न पूछे गए थे। इस बार दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पांच से छह अंकों का नहीं पूछा गया था। चार अंक के दीर्घउत्तरीय प्रश्न थे।

# 6 लाख ओबीसी वर्ग के छात्रों की 1200 करोड़ रुपए स्कॉलरशिप अटकी - भरत कालबेले प्रदेश उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा मध्यप्रदेश

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

ओबीसी महासभा मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ब्राडगेज संघर्ष समिति लांजी किरनापुर के अध्यक्ष ?भारत कालबेले ने छात्रहित में प्रदेश की सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पिछले 3 सालों से बजट की कमी का हवाला दे रही मध्य प्रदेश सरकार मौजूदा वर्ष में एक भी छात्र छात्रवृत्ति नहीं पा सक रहा है। मध्य प्रदेश सरकार का ओबीसी वर्ग के साथ भेदभाव आखिर क्यों ? ओबीसी महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष भरत कालबेले जी ने आगे कहा है कि ओबीसी वर्ग को छात्रवृत्ति नहीं मिलने की शिकायत कई बार मुख्यमंत्री तक हो चुकी है, 2019-20 से लेकर अभी तक छात्रों को करीब 16 सौ करोड़ रुपए की राशि मिलनी है वित्तीय वर्ष में भी सरकार की तरफ से सिर्फ 419 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई लेकिन इतनी राशि से 2 साल पूर्व का ही भुगतान हो सका वर्तमान में ओबीसी छात्रों की छात्रवृत्ति का 2021-22 कि 6 लाख छात्रों को,2020-21 3 लाख छात्रों को और 2019-20 1.5 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति का इंतजार है, ओबीसी छात्रों को स्कॉलरशिप नहीं मिलना सरकार की दोहरी मानसिकता को उजागर करता है क्योंकि अलग-अलग संगठन के माध्यम से ओबीसी छात्रों को छात्रवृत्ति नहीं मिलने की



शिकायतें कई बार मुख्यमंत्री जी और सरकार से की गई है इसके बावजूद अभी तक सरकार का रवैया नकारात्मक ही रहा है ओबीसी वर्ग छात्रवृत्ति पर सरकार का समाधान नहीं निकाल पाना सरकार की दोहरी मानसिकता को दिखाता है सरकार कई बार तो वित्तीय बजट की कमी का भी हवाला देते हैं लेकिन सवाल यह है कि सिर्फ ओबीसी छात्रों के साथ ही ऐसा क्यों ? यह स्कॉलरशिप आईआईटी आई आई एम नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के विषय की पढ़ाई करने वाले को दी जाती है, सरकार की बेरुखी ओबीसी वर्ग की छात्राओं के प्रति स्पष्ट है क्योंकि सरकार के ही पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल जी के बजट में ग्यारह सौ दस करोड़ रुपए मांगने पर भी सरकार ने अभी तक स्वीकृत नहीं किया है राज्य मंत्री ने पैसा आने पर स्कॉलरशिप देने की बात कही है, ओबीसी वर्ग के छात्रों पर केंद्र सरकार की दोहरी मानसिकता को भी उजागर करता है क्योंकि केंद्र सरकार राज्य सरकार को ओबीसी वर्ग की छात्रवृत्ति के लिए सिर्फ 10त्न की राशि का सहयोग करती है जबकि इसके विपरीत आरक्षित श्रेणी मे एससी-एसटी वर्ग की स्कॉलरशिप का 90त्न पैसा केंद्र सरकार देती है, इसके विपरीत ओबीसी वर्ग के छात्रों के छात्रवृत्ति के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार का रवैया विपरीत नजर आता है जब भी ओबीसी वर्ग की बात आती है चाहे वह केंद्र की सरकार हो या राज्य की सरकार हो हमेशा बजट की कमी का हवाला देते हैं आखिर ऐसा ओबीसी वर्ग के साथ ही क्यों।



## बजरंग दल प्रखंड पलेरा ने नई टीम की गठित

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार**

पलेरा। आज पलेरा प्रखंड बजरंग दल द्वारा ग्राम टोरी में एक बैठक की जिसके मार्गदर्शक प्रखंड संयोजक राजेंद्र राय प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख रोहित राय इस बैठक में धर्म रक्षा एवं मंदिरों की रक्षा गौशालाओं पर विशेष चर्चा की गई पलेरा तहसील की गौशाला में फैल रही अव्यवस्थाओं को पर चर्चाएं की एवं ग्राम टोरी में ग्राम संयोजक पंचम लाल अहिरवार की घोषणा की गई इस बैठक ग्राम टोरी के में सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संकल्प मानव सेवा संस्था ने गांव श्यामों में लगाया रक्तदान शिविर



**रिपोर्टर संजय सिंह तोमर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़ आगरा**

आगरा शमशाबाद रोड स्थित श्यामो गांव के भूपेंद्र कन्या इंटर कॉलेज में संकल्प मानव सेवा संस्था के द्वारा मानव सेवा चेरिटेबल ब्लड बैंक के निर्देशन में रक्तदान शिवर का आयोजन किया गया संकल्प मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने बताया रक्तदान शिवर में युवाओ ने ब?च? कर हिस्सा लिया साथ ही महिलाओं ने भी रक्तदान किया संस्था अध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत ने जानकारी दी कि हिंदुस्तान में प्रतिवर्ष 30 लाख मरीजों की जान रक्त के अभाव में जाती है। संस्था का उद्देश्य हैं कि किसी की जान रक्त के अभाव में न जाये इस लिये संस्था शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी रक्तदान शिवरो के आयोजन करती रहती है और उसे आगरा की विभिन्न ब्लड बैंकों में सुरक्षित रख देती हैं। जरूरत प?ने पर उस रक्त को मरीजो को निशुल्क उपलब्ध कराती हैं। शिवर में कुल 28 युनिट रक्तदान हुआ कई रक्तवीरो ने पहली बार रक्तदान किया जिसमे एक महिला ने भी पहली बार रक्तदान किया है। रक्तवीरो के नाम रचना लोधी बलवीर सिंह, श्याम सुंदर, भूपेंद्र सिंह देवेंद्र वर्मा, कान्हा सिंह, सोनू कुमार प्रदीप राजपूत, परमआनंद खंडेलवाल श्री निवास, राजू लोधी,अंकित लोधी, हुसैन खान, प्रशांत, विजय सिंह लोधी, सतेन्द्र सिंह राणा, मुन्नालाल लोधी, कैलाश दुबे, राममूर्ति राजपूत,हरीचंद लोधी इत्यादि।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विष्णु प्रताप वर्मा विजय सिंह लोधी धर्मेंद्र सिंह लोधी जगदीश राजपूत प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र यादव श्यामवीर सिंह उपस्थित रहे।

# गवाल समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन, गढ़वाल स्थापना दिवस एवम सम्मान समारोह का 28 फरवरी को आयोजन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट



सर्व गढ़वाल महासभा अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर के द्वारा बताया गया कि 28 फरवरी 2022 दिन सोमवार को श्री महावीर भवन बालाघाट में (नूतन कला निकेतन के सामने) गढ़वाल युवक युवती परिचय सम्मेलन, गढ़वाल स्थापना दिवस एवम सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। अखिल भारतीय ग?वाल समाज के संगठनकर्ता एवम प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रम्हलीन मुरारीलाल ब्रम्हे जी द्वारा 28 फरवरी 1945 को अखिल भारतीय ग?वाल समाज का गठन किया गया था । ब्रम्हलीन श्री मुरारी लाल ब्रम्हे जी की याद में ग?वाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष ग?वाल स्थापना दिवस द्वारा मनाया जाता है।

कार्यक्रम में समाज के अनेक क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाले सामाजिक बन्धुओं युवाओं माताओं बहनों का सम्मान, महाराष्ट्र एवम छत्तीसग? राज्य ग?वाल समाज के पदाधिकारियों का सम्मान, समाज के 52 मण्डल अध्यक्ष का सम्मान एवम ग?वाल समाज के पत्रकार बन्धुओं का सम्मान किया जाएगा।

गढ़वाल समाज की एकता अखंडता हमेशा बनी रहे और समाज के सभी लोग सामाजिक बन्धुगण माताएं बहने युवा बंधुगण सामाजिक रूप से एक दूसरे से हमेशा जु? रहें और समाज विकास के कार्य समाज के सभी लोग मिलकर करें और ग?वाल समाज का नाम रोशन करें। इसी उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है।कार्यक्रम में समाज के सभी सामाजिक बंधुओं माताओं बहनों युवाओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील सर्व ग?वाल महासभा अध्यक्ष सचेन्द्र सिलेकर, उपाध्यक्ष तरुण बनवारी, सचिव दिनेश गौतम, कोषाध्यक्ष राम ब्रम्हे, सहसचिव ओमेश्वर नागेश, सदस्य शिवलाल अजित एवम श्याम बनवाले द्वारा किया गया है ।

# दीपोत्सव पर्व पर श्रृद्धालुओं के लिये नागरिक सुविधाएं बेहतर रखने के दिए निर्देश

**पंकज त्रिपाठी स्टेट ब्यूरो हेड दैनिक पुष्पांजली टुडे।**

उज्जैन। महाशिवरात्रि पर्व पर 11 लाख दीपक जलाने का दीपोत्सव का महा उत्सव 1 मार्च को उज्जैन शहर में होने जा रहा है। महाशिवरात्रि एवं दीपोत्सव के कार्यक्रम में लाखो श्रृद्धालु आयेंगे को दृष्टिगत रखते हुयें जिले के पम्प संचालको की बैठक मेला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक द्वारा महाशिवरात्रि एवं दीपोत्सव के उत्सव पर श्रृद्धालुओं की भी? रहेगी की जानकारी देकर सभी को निर्देश दिये गये कि पम्पों पर पर्याप्त पेट्रोल डीजल प्रत्येक पम्प पर स्टाक में रखा जावे, पम्पों पर स्वच्छ पीने के पानी की उचित व्यवस्था रखी जावे, वाहनों में निशुल्क हवा के लिये मशीन चालु स्थिति में रहे एवं एक कर्मचारी इसके लिये पृथक से लगाया जावे, पम्प पर शौचालय की आवश्यक साफ-सफाई रखी जावे एवं शौचालय खुले रखे जावे।

बैठक में आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल कम्पनी के सेल्स आफिसर भी उपस्थित थे एवं उनके द्वारा समुचित व्यवस्था रखने संचालको निर्देश दिये एवं आशवस्त किया गया कि पम्पो पर किसी प्रकार की असुविधा श्रृद्धालुओ को नही होने दी जावेगी। पम्प एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष रवि लोहिया एवं राष्टीय सचिव गोपाल माहेश्वरी द्वारा बताया गया कि शहर के सभी पम्पो पर महाशिवरात्रि एवं दीपोत्सव के महा उत्सव में पम्प संचालक पेट्रोल पम्प पर रंगोली, साजसज्जा, महाकाल के लाईव दर्शन हेतु एलईडी इत्यादि लगायेंगे एवं चौबिस घण्टे महाकाल की आरती भजन* किर्तन का संगीत चलाया जावेगा एवं दीपोत्सव करके शाम 7 बजे श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरण भी करेंगे। गोपाल माहेश्वरी




द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि एसोसिएशन द्वारा शहर के टावर चौराहा पर दीपोत्सव की जिम्मेदारी ली गई है एवं पम्प संचालको द्वारा टावर चौराहे पर दीपोत्सव के साथ-साथ बाबा महाकाल के गर्भगृह शिवलिंग शिखर एवं उज्जैन में स्थित प्राचिनतम 84 महादेवो की विशेष रंगोली टावर पर बनवाकर आमजन के दर्शन एवं परिक्रमा हेतु व्यवस्था की जावेगी, 60 लोगो का विशेष बैण्ड दल की प्रस्तुति, लाईटिंग, आतिशबाजी, फेसबुक पर लाईव प्रसारण ड्रोन से किया जावेगा तथा 84 महोदव की दीपोत्सव के बाद महाआरती कर कार्यक्रम मनाया जावेगा।

बैठक में आईसीएल के सेल्स आफिसर राजेष सोनी, बीपीसीएल के सेल्स ऑफिसर अखिल कपूर, एचपीसीएल कंपनी के सेल्स आफिसर पवन पाटीदार, जिले के सहायक व कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारीगण तथा पेट्रोल पम्प के संचालक रवि लंगर, गोल्डी साहनी, फरहान, महेष चौहान, संदीप गुप्ता, संजय नाहर, पदमसिंह, संजय भार्गव आदि उपस्थित रहे।

## माता - पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म दीवान परमार साहब


**मध्य प्रदेश दौरे पर लुन्हेरा पहुंचे धर्मगुरु**

**पुष्पाजंली टुडे कुक्षी/लुन्हेरा/मनावर:** जो व्यक्ति धर्म के कार्य कर धर्म के मार्ग पर चलता है।भगवान उसे कभी असफल नहीं होने देता है।अपने माता - पिता को कभी दुःख,तकलीफ नहीं देना चाहिए।उनका आदर कर उनकी कही बातों को जीवन में अनुसरण करना चाहिए।ये ही सबसे बड़ा कार्य है।माता - पिता की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा होती है।परन्तु आज व्यक्ति लोभ,मोह, माया में घर - परिवार,रीति - रिवाज,धर्म - संस्कृति से दूर होता जा रहा है।



उक्त प्रेरक उदगार सीरवी समाज के धर्म गुरु दीवान साहब नारायण सिंह परमार बिजोवा राजस्थान ने ग्राम लुन्हेरा ( मनावर) में कहे। नेनाराम परमार ग्राम मांडल जिला पाली भी धर्म गुरु के साथ उपस्थित रहे । धर्म गुरु ने कहा - सीरवी समाज ईमानदार ओर मेहनतकश समाज है।हमेशा आई माता के बताए हुए नियमों का अपने जीवन में पालन करना चाहिए।रोजाना सुबह उठकर अपने माता - पिता का आशीर्वाद लेकर अपने दिन की शुरुआत करना चाहिये।ओर ये ही संस्कार अपने बच्चो को देना चाहिए ।जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी संस्कारवान बन सके ।हमारे घर में बनने वाली पहली रोटी गाय माता को देना चाहिए।सदा पुण्य के कार्य करना चाहिए। इसके पूर्व दीवान साहब नारायण सिंह जी के ग्राम लुन्हेरा में पहुंचने पर ग्रामवासियों द्वारा बड़े गर्म जोशी से स्वागत कर बंधावा किया गया।शोभायात्रा निकालकर सहभोज का आयोजन किया गया।इस दौरान अ. भा. सीरवी महासभा के जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुकाती जाजमखेडी ओम्कारेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष भानालाल सोलंकी, तेह.अध्यक्ष संदीप सेप्टा सिंघाना, ते.महामंत्री राजू देवड़ा बालीपुर सकल पंच लुनहेरा जगदीश जमादारी (प्रांतीय सचिव भवन निर्माण), रणछोड़ राठौर,पूनमचंद चोधरी,गोपाल मुकाती,लालाजी सेप्टा के साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे।यह जानकारी समाजसेवी पूनम सिर्वी कुक्षी ने दी।

# कृषि आय बढ़ाने के लिए फसल विविधीकरण जरूरी : केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर





## बजट प्रावधानों में किसानों के सुझाव भी शामिल होंगेः राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह

## ग्वालियर-चंबल अंचल के किसानों के लिए संभाग स्तरीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का आयोजन

ग्वालियर। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि ग्वालियर-चंबल अंचल में कृषि व उद्यानिकी को बढ़ावा देने के लिये केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक सुविधायें जुटाई जा रही हैं, जिनमें राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड अर्थात उद्यानिकी का क्षेत्रीय कार्यालय, टिश्यू कल्चर लैब, फ्लोरी कल्चर गार्डन व राज्य स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र प्रमुख हैं। इन सबके माध्यम से क्षेत्र में कृषि और किसानों की प्रगति के नए द्वार खुले हैं। श्री तोमर ग्वालियर व चंबल अंचल के किसानों के लिये उद्यानिकी एवं प्रसंस्करण विषय पर यहाँ कृषि महाविद्यालय ग्वालियर के ऑडिटोरियम में आयोजित हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फसल विविधीकरण आज की महत्वपूर्ण जरूरत है। किसानों को इसे प्रमुखता से अपनाना चाहिए।

संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने की। श्री कुशवाह ने इस अवसर पर कहा कि किसानों की राय लेकर प्रदेश के बजट में कृषि योजनाओं के लिये प्रावधान किए जायेंगे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के जरिए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा ग्वालियर, दतिया, भिण्ड व मुरैना जिले के प्रगतिशील किसानों को उद्यानिकी और आलू सहित अन्य फसलों के प्रसंस्करण की बारीकियां सिखाई गईं। कृषि वैज्ञानकों द्वारा खासौर पर आलू उत्पादन व उसका प्रसंस्करण, मधुमक्खी पालन एवं जैविक उद्यानिकी का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर किसानों से प्रदेश के बजट के लिये सुझाव भी लिए गए।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर ने नईदिल्ली से वर्चुअल संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हमेशा यही इच्छा रहती है कि किसान आगे ब?ें, उनकी आमदनी ब?े, बिचौलियों की समाप्ति हो और खेती समृद्ध हो ताकि देश के नव निर्माण में किसान अहम योगदान दे सकें। इसी सोच के साथ केन्द्र सरकार ने पिछले सात साल के दौरान कई अभिनव योजनाओं का सृजन कर उन्हें भलीभाँति क्रियान्वित किया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत साढ़े 11 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में सरकार ने पूरी पारदर्शिता के साथ एक करोड़ 82 लाख रूपए की राशि पहुँचाई है। श्री तोमर ने कहा कि देश में 86 प्रतिशत छोटे किसान हैं। उन्हें ताकत देने के लिये सरकार 6 हजार 865 करोड़ रूपए खर्च कर 10 हजार नए एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) बनाए जा रहे हैं। किसानों की उपज को सुरक्षित करने के लिये वेयर हाउस और कोल्ड स्टोरेज की चैन स्थापित की जा रही है।

कार्यक्रम में श्री कप्तान सिंह सहसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. तोमर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी, संयुक्त संचालक उद्यानिकी श्री तोमर, उप संचालक कृषि श्री डी एल कोरी समेत उद्यानिकी, कृषि व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक तथा ग्वालियर, भिंड, मुरैना व दतिया जिले के प्रगतिशील कृषक मौजूद थे।

**उत्पादन के साथ प्रोसेसिंग से भी जुड़ें किसान : श्री कुशवाह**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद किसानों को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि किसान दोहरी भूमिका में आएं। वे केवल फसल उत्पादन तक सीमित न रहकर अपनी उपज की प्रोसेसिंग भी करें। प्रोसेसिंग यूनिट के लिये सरकार बड़ा अनुदान देती है। श्री कुशवाह ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार देश व प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पित है। इसी उद्देश्य से दोनों सरकारों द्वारा किसानों की आमदनी बड़ाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा उद्यानिकी फसलों को बड़ावा देने के लिए केंद्र सरकार से भरपूर मदद मिल रही है। केंद्र द्वारा ग्वालियर में राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना के लिए श्री कुशवाह ने केंद्रीय कृषि मंत्री श्री तोमर का आभार माना। साथ ही कहा कि किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रदेश में उद्यानिकी फसलों को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है।


## सभी घरों से लें सूखा व गीला कचरा अलग-अलग, आमजनों को करें प्रोत्साहित : निगमायुक्त श्री कन्याल



ग्वालियर। स्वच्छता हम सभी की प्राथमिकता है, इसके साथ ही हम यह भी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक घर से सूखा व गीला कचरा अलग अलग करके ही लें। इसके लिए घर घर जाकर समझाइश दे और उन्हें कचरा अलग अलग करके देने के लिए प्रेरित करें, इसके बाद भी जो नहीं माने उसके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करें। उक्त आशय के निर्देश नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने आज स्वच्छता जागरूकता कार्यशाला में स्वच्छता अभियान में लगे संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। बाल भवन के सभागार में आयोजित कार्यशाला में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने सभी संबंधित अधिकारियों को एवं कर्मचारियों को बताया कि स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है और हम सभी को अपने शहर ग्वालियर की स्वच्छता के लिए पूरी ईमानदारी से कार्य करना होगा। डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहनों पर चलने वाले हेल्पर एवं स्वक्षता सुपरवाइजर की भूमिका इसमें बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, उनका कार्य है कि वह गलियों में , मोहल्लों में एवं कॉलोनियों में वाहन के आगे आगे चले और लोगों को सूखा व गीला कचरे को अलग-अलग करके देने के लिए प्रेरित करें इसके साथ ही बायोमेडिकल कचरा एवं घरेलू हानिकारक कचरा भी अलग-अलग लेकर वाहन में अलग ही रखें। इसके लिए सभी हेल्पर व सुपरवाइजर मिशन के रूप में कार्य करें और जो भी परिवार समझाने के बाद भी बार बार गलती करें तो संबंधित अधिकारियों से जुर्माने की कार्रवाई कराएं। इसके साथ ही कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर सूखा व गीला कचरा अलग अलग रखा जाए और वहां से अलग-अलग वाहनों से ही लैंडफिल साइट पर भेजा जाए यह संबंधित ट्रांसफर स्टेशन प्रभारी एवं कार्यशाला प्रभारी सुनिश्चित करें। डोर टू डोर वाहन चालक एवं हेल्पर यह सुनिश्चित करें कि उनके वाहन में सूखा व गीला कचरे के लिए अलग-अलग कंपार्टमेंट में ही कचरा डाला जाए तथा उनके वाहन में काले व पीले डिब्बे भी लगे हों, इसके साथ ही स्वच्छता के जिंगल वाहन में आवश्यक रूप से बज रहे हों। और जिसके वाहन साफ व स्वच्छ एवं व्यवस्थित होंगे उन वाहन चालक व हेल्पर को पुरस्कृत भी किया जाएगा। निगमायुक्त श्री कन्याल ने बताया कि इस समय हम सभी के सामने परीक्षा की घड़ी है, स्वच्छता हम सभी के लिए एक मिशन होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वच्छता के लिये आमजन को जागरूक करने वालों का हुआ सम्मान, दिलाई स्वच्छता की शपथ



ग्वालियर- स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में शहर को स्वच्छता में नम्बर 1 स्थान पर लाने के लिये निगम के साथ स्वयं सेवी संस्थायें, शहर के गणमान्य नागरिक तथा स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर द्वारा आमजन को स्वच्छता के लिये घर-घर जाकर जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वच्छता का कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया जा रहा है। जिसके तहत क्षेत्रीय कार्यालयों पर ब्रांड एम्बेसडरों व सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया किया गया। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार स्वच्छता में सहयोग करने वालों को क्षेत्रीय कार्यालय पर बैठक कर सम्मानित किया गया। जिसमें वार्ड 41 में उपायुक्त श्री मुकुल गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म कुमार पमनानी, वॉर्ड मॉनिटर श्री केसी अग्रवाल, एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री वीडी, एसआई श्री सेवाराम खरे, श्री लक्ष्मण खरे जी एवं अनिल चौधरी ने सफाई मित्रों के फूल माला पहना कर व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। इसके साथ ही वार्ड नं. 37 में ब्रांड एंबेसडर तथा क्राइसिस मैनजेमेंट कमेटी के सदस्यों के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के संबंध में बैठक की गई।स्वच्छता मित्र सुश्री संध्या पुत्री श्री राजेन्द्र को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु ब्रांड एंबेसडर तथा क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री जितेंद्र सिंह घुरैया, श्री अरुण शर्मा, श्री जितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ठाटीपुर गांव में माय बगीचा नर्सरी मॉल का किया शुभारंभ



ग्वालियर। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर द्वारा ठाटीपुर गांव में माय बगीचा नर्सरी मॉल का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहर में ऑक्सीजन पर्याप्त रहे इसके लिये हरियाली जरूरी है। हरियाली तभी रह सकती है जब हम पांच-पांच वृक्ष लगाने का संकल्प लेंगे। वृक्षारोपण से हमारा शहर हरा भरा तो बनेगा ही साथ ही प्रदूषण मुक्त भी होगा।

कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल, आईआईटीटीएम कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. आलोक शर्मा, पूर्व सीएसपी श्री भगवान सिंह यादव, श्री एमडी पाराशर, श्री सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व पार्षद श्री जितेन्द्र यादव एवं श्री अनिल त्रिपाठी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि शहर में आमजन को स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सीवर व विद्युत जैसी मूलभूत सुविधायें आसानी से मिल सकें इसके लिये कार्य तेजी से किये जा रहे हैं। हमें अपने शहर को प्रदूषण मुक्त शहर बनाना है। अपने नौनिहालों को अच्छा वातावरण मिले इसके लिये सभी को सकारात्म सोच के साथ कार्य करना होगा। शहर को स्वच्छता में प्रथम स्थान पर लाने के लिये सभी स्वच्छता में सहभागिता करें व अपने आस पास के परिसर को साफ व स्वच्छ रखें।

इस अवसर पर निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने कहा कि स्वच्छता में ग्वालियर को नम्बर एक पर लाने के लिये सभी का सहयोग जरूरी है। नये-नये नवाचार कर शहर को सुंदर बनाया जा रहा है। साथ ही शहर को हरा भरा रखने के लिये पार्कों, डिवाइडरों आदि जगह पर वृहद्ध रूप से पौधा रोपण किया जा रहा है।

## ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने किशन बाग क्षेत्र का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



### 24 फरवरी को केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया देगें क्षेत्र को बडी सौगातें

ग्वालियर। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 24 फरवरी को किशनबाग क्षेत्र में 30 बिस्तरीय अस्पताल एवं एबी रोड से बरागांव तक रो? का भूमि पूजन करेगें। प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने किशन बाग, बरा क्षेत्र का भ्रमण कर भूमिपूजन की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवशयक दिशा निर्देश दिये।

भ्रमण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र को बडी सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बहोडापुर से किशन बाग तक आने वाले मार्ग को दुरूस्त करें। उन्होंने क्षेत्र भ्रमण कर आमजन से कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिये क्षेत्रवासियों को काफी दूर जाना पडता था या फिर प्राइवेट अस्पताल में दिखाना पडता था। निश्शुल्क इलाज आपके क्षेत्र में ही मिल सके, इसके लिये 30 बिस्तरीय अस्पताल बनने जा रहा है। इसके बनने से काफी बडे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा एबी रोड से बरा गांव तक रोड बनने से क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा।

## पंचकल्याणक में माता की गोद भराई, नवीन प्रतिमाओं की शुद्धि, महाराजा नाभिराय का राज दरबार सजा

### पंचकल्याणक महोत्सव में माता की गोद भराई में झूमे श्रद्धालु, सौभाग्यवती महिलाओ ने प्रतिमाओ की शुद्धि

### ऊर्जा मंत्री ने मुनिराजों से लिया आशीर्वाद, समिति ने किया सम्मान।





ग्वालियर। आयोध्य नगरी फूलबाग मैदान में चल रहे पंचकल्याणक महोत्सव के तीसरे आज रविवार को गर्भ कल्याणक के उत्तर रूप की क्रियाएं हुईं। इसमें राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज, मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, विनिबोध सागर व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज के सानिध्य में माता की गोद भराई, नवीन प्रतिमाओं की आकार शुद्धि और महाराजा नाभिराय का राज दरबार आकर्षण के मुख्य केंद्र रहे। अयोध्या नगरी में ब?ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में पंचकल्याणक के विभिन्न कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

**मुनिश्री विजयेश सागर का अवतरण दिवस मनाया, मुनिश्री व मंत्री पदाप्रच्छलन किए**

आयोजन के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर ने राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ कस चरणों श्रीफल भेंटकर व दीप प्रज्वलित कर आशीर्वाद लिया। वही मुनिश्री विजयेश सागर महाराज का जन्म अवतरण पर मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के पदाप्रच्छलन मुनिश्री विजयेश सागर व ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्नसिंह तोमर ने सामूहिक रूप से किया। ऊर्जा मंत्री का सम्मान आयोजन समिति डॉ वीरेंद्र गंगवाल, श्यामलाल विजवर्गी, अजीत वरैया, संयुक्त अध्यक्ष विकास गंगवाल, महामंत्री पवन जैन पत्रकार, स्वागत अध्यक्ष विमल जैन, मुख्यसंयोजक बालचंद जैन, दिनेश जैन नेता, विनय कासलीवाल, वीरेंद्र जैन, पंकज जैन आदि ने स्मृति चिन्ह देकर किया। मंत्री जी ने कहा संत महाराज का उद्देश्य राष्ट और समाज का उद्देश्य ही इनके जीवन का उद्देश्य है, इनका सही साकार अगर अपने जीवन में उतारना है तो हमें अपने आप को परिवर्तन करना होगा।

**दुनिया में वही पुजे जायेंगे जो ब्रान्डेड होगाः मुनिश्री**

मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने कहा कि दुनिया में दो प्रकार की वस्तुये पाई जाती हैं असली और नकली। ब्रान्डेड हर कोई नही ले पाता, सस्ते के चक्कर में व्यक्ति ब्रान्डेड छो? देता है, क्यो क्योकि दुनिया में वही पूजे जायेगे जो ब्रान्डेड हो। क्योकि हर जगह ब्रान्डेड की ही वेल्यू हैं। घर में चार भाई है तो एक कमाने बाला ब्रान्डेड होतो ब्रान्डेड की ही पूजा होती हैं अतः व्यक्ति को संस्कार अपने अंदर प्रतिभा अपने अंदर पैदा करनी होगी। इसलिए अपने बच्चो को प्रतिभावना बनाओ संस्कार बनाओ।

**माता की गोद भराई में झूमे श्रद्धालु, सौभाग्यवती महिलाओ ने प्रतिमाओ की शुद्धि की**

जब अयोध्या नगरी के लोगों को खबर मिली कि माता के गर्भ में तीर्थंकर बालक का आगमन हुआ है तो पूरी अयोध्या में खुशी छा गई। इसके बाद महिला संगीत के साथ इंद्रा-इद्राणियो एवं समाजनो ने मेवा, फल, मिठाई आदि से भगवान की माता मरूदेवी की गोद भराई की गई। इसके बाद अखंड सौभाग्यवती महिलाओं व अष्ट कुमारियों ने प्रतिष्ठित होने आई प्रतिमाओं की हल्दी, केशर, सर्वोषधि लेपों से शुद्धि विधी संस्कार किया। रात में आयोध्य नगरी फूलबाग में महाराजा नाभिराय का दरबार सजाया गया। वहां आकर महाराजा ने माता द्वारा देखे गए 16 स्वप्नों का फल बताया। इसके बाद छप्पन कुमारियों ने झूमते-गाते हुए माता मरुदेवी की सेवा के साथ उपहार भेंट कर उनसे कुछ प्रश्न किए।

**मुनिश्री के सानिध्य में सौधर्म इंद्र ने भगवान जिनेद्र का अभिषेक किया**

पंच कल्याणक महोत्सव में मुनिश्री के सानिध्य में सौधर्म सहित इंद्रो ने भगवान जिनेद्र का अभिषेक जयघोष के साथ किया। मुनिश्री विहर्ष सागर ने अपने मुख्यविंद से मंत्रउच्चरण से शांतिधारा भगवान दास अतुल जैन परिवार ने की। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य पंडित अजित कुमार शास्त्री, सह प्रतिष्ठाचार्य पंडित अरविंद जैन दिल्ली, सुनिला भडारी, शशिकांत शास्त्री, ज्योतिचार्य हुकुमचंद्र जैन व सम्मेद उपाध्याय कर्नाटक मार्ग दर्शन में इंद्रा-इंदाणियों ने यागमंडल आराधना, गर्भ कल्याणक की पूजन की गई। आज निकलेगी भव्याति भव्य जन्मकल्याणक शोभायात्रा, पांडुकशिला पर बालक होगा अभिषेक आयोजन के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि जन्मकल्याणक महोत्सव के सुअवसर पर कल दिनांक 21 फरवरी 2022 कोप्रातः 7 बालक का जन्म दरबार मे खुशी बधाई होगी!




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478